तापमान
अधिकतम 29.5 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

16 बारिश आते ही मवेशी एक बार फिर सड़क पर...



17 धरमपुरा में शासकीय भूमि पर खेती करने का आरोप...





# सिरसागेट अंडरब्रिज के काम को देखने पहुंचे डीआरएम, लापरवाही देख ठेकेदार को फटकार

**लंबे समय से रेलवे अंडरब्रिज पर थी दिक्कत, दर्जन भर से अधिक ग्रामीण भी पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिरसागेट रेलवे अंडरब्रिज के संधारण कार्य का निरीक्षण करने डीआरएम दयानंद पहुंचे थे। अंडर ब्रिज के काम को देख माह भर में पूरा करने ठेकेदार को हिदायत दिया है। अपनी समस्या रखने के लिए दर्जन भर से अधिक ग्रामीण लोग भी डीआरएम से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया है।

ग्रामीणों ने डीआरएम को बताया कि अंडरब्रिज को दो माह तक बंद रखने से हजारों छात्र-छात्राओं, कर्मियों और किसान, व्यापारियों को आने जाने में दिक्कत होगी। अंडर ब्रिज के काम



को जल्द पूरा कर लोगों के लिए जल्द खोला जाएगा।इस दौरान डीआरएम दयानंद ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए अंडरब्रिज के संधारण कार्य को माह भरह में पूरा करने को कहा है। इस दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता प्रेमलाल साहू अपनी टीम के साथ डीआरएम से मुलाकात भी किया। श्री साहू ने अंडरब्रिज के काम पर सवाल खडा कर दिया। ठेकेदार द्वारा बार-बार गुणवत्ताविहीन कार्य इस अंडरब्रिज के संधारण में करता आया है। इस कारण संधारण के करने के बाद तुरंत ही सड़क उखड़ जाता है। अंडरब्रिज की सड़क 15 दिन तक भी नहीं टिकती है। जिससे भिलाई-जचरोदा समेत आसपास के ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे शासन को आर्थिक क्षति भी पहुंच रही है।

इसे लेकर डीआरएम से लिखित शिकायत भी की गई है। अंडर ब्रिज का काम करने वाले ठेकादर नितिन दास को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने और निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य कराने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे के सीनियर डीईएन, एईएन, आईओडब्ल्यू विभाग के अधिकारी समेत संतोष अग्रवाल, जी कनकेश्वर राव, खिलावन वर्मा, रमेश वर्मा, बालाजी, द्रौपदी यादव, चंद्रावती, ईश्वरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे।

### कार्य की प्रगति का फोटो देखेगें डीआरएम

सिरासा गेट अंडर ब्रिज में हो रहे संधारण काम को लेकर गुणवत्ताहीन की शिकायत पर डीआरएम दयानंद ने गंभीरता से लेते हुए। स्थानीय लोगों से काम में पादर्शिता लाने निर्माण कार्य की फोटो उनके मोबाइल पर सेंड करने की का आग्रह किया गया। इसके लिए डीआरएम ने लोगों को अपना व्हाट्सअप मोबाइल नंबर भी लोगों को दिया है। डीआरएम ने अंडर ब्रिज में जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए ड्रेनेज व्यवस्था बेहतर करने और भारी वाहनों के आवागमन पर स्थायी रोक लगाने का भी आश्वासन दिया।

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## अंधेरे में सफर करना हुआ लोगों का मुश्किल

# मरोदा ओवरब्रिज, नेहरू नगर. सुपेला, हाउसिंग बोर्ड सहित टाउनशिप की स्ट्रीट लाइटें बंद, दुर्ग में भी ऐसे ही हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट को लेकर जहा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आधे से अधिक शहर में अंधेरा पसरा हुआ है। शहर के पॉश इलाके नहरू नगर, स्मृति नगर, स्टेशन मरोदा ओवरब्रिज की आधे से अधिक स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसी तरह सुपेला, रामनगर, वैशालीनगर, हाउसिंग बोर्ड सहित टाउनशिप में भी स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। अंधेरे में लोगों का सफर करना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रीय विधायक, नगर निगम के पार्षद और स्थानीय जनप्रतिनिधि रोज इस मार्ग से आवागमन करते हैं लेकिन बंद बिजली को शुरू करने की कोई पहल नहीं की गई। बारिश का मौसम भी शुरू हो गया है। ऐसी स्थिति में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से दुघर्टना का खतरा बना हुआ है।

हरिभूमि सरोकार



### मरोदा ओवरब्रिज की 24 लाइटें हैं बंद

मरोदा ओवरब्रिज में 24 लाइटें बंद हैं। इस ओवरब्रिज के दोनों तरफ लाईट लगाई गई है। हाल ऐसा है कि कोई लाइट जल रही है तो कोई नहीं। ब्रिज की लंबाई अधिक हैं और यह मोड़ जैसा शेप में बना हुआ है। जहां मोड़ शेप है वहीं पर दोनों छोर की लाइट बंद है। जिसकी वजह से उतई की ओर से आ रहे लोगों को मरोदा की तरफ से जाने वाले मोटर साइकिल सवार दिखाई नहीं देते। मोटर साइकिल, कार और भारी वाहनों की लाइट विपरीत दिशा से आ रही वाहनों को सीधे प्रभावित करती है। जिसकी वजह से दुघर्टना की आशंका बनी हुई है।

### पटरीपार के लोग भी परेशान

स्ट्रीट लाइन बंद होने से पटरीपार के लोग लोग काफी परेशान है। सुपेला सहित रामनगर, वैशालीनगर, हाउसिंग बोर्ड आदि क्षेत्रों में कई सड़कें जर्जर स्थिति में है। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी जमा होने और स्ट्रीट लाइट बंद होने से आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में चोरों को भी हाथ साफ करने का मौका मिल जाता है। लोगों की शिकायत है कि कई बार सूचना देने के बाद भी लाइट नहीं सुधारी जाती। शहर के कुछ कॉलोनियों में चोरी की वारदातें भी बढ़ी है जिसे लेकर लोगों में भय है। स्ट्रीट लाइट नहीं होने से लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचकते हैं।

### स्मृति नगर और नेहरू नगर की स्ट्रीट लाइट बंद



नेहरू नगर चौक से स्मृति नगर को जाने वाली मुख्य मार्ग में निगम ने करोड़ों रुपए खर्च कर नए डिजाइनर पोल लगाए हैं। शहर के विकास को दिखाते हुए महापौर और विधायक की फोटो लगाई गईं, लेकिन अब इन पोल की लाइट जलना बंद हो गई हैं। यहां से हर दिन हजारों गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन रात के समय लोगों को अंधेरे आना-जाना करना पड़ रहा है। चार पहिया वाहनों की लाइट की चमक के बीच दो पहिया, साइसिक और पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सेक्टर 7 में हफ्तेभर से स्ट्रीट लाइट बंद

टाउनशिप के सेक्टर 7 पिछले हफ्तेभर से स्ट्रीट लाइट बंद रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में अंधेरे से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पूरे गर्मी के मौसम के दौरान घरों में घंटों बिजली गुल होने का सिलसिला जारी रहा। अब पिछले एक सप्ताह से सेक्टर 7 के आधे से अधिक हिस्से में पूरी स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं। वर्षा के मौसम में ई मार्केट व एमजीएम रोड सहित क्रास स्ट्रीट पर भी बड़े बड़े गड्ढे हैं। अंधेरा होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सड़कों पर आवारा जानवर घूमते रहते हैं। इसके चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है।

# प्रवर्तन विभाग ने महीनेभर में 34 आवास व 8 भूखंड कराया कब्जामुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा टाउनशिप में अतिक्रमण हटाओ अड़ियान के तहत जून महीनेभर में दौरान 34 आवास रिक्त कराए। इनमें से 8 आवासों के संबंध में संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री पारित की जा चुकी थी। आठ भूखंडों को भी अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इनमें अधिकांश व्यवसायिक क्षेत्रों में स्थित थे। 10 दुकानों, आवासों व अन्य भवनों की विद्युत आपूर्ति विभिन्न कारणों से विच्छेदित कराने और 80 आवासों की रिक्तीकरण प्रक्रिया के दौरान सिविल अभियांत्रिकी विभाग को आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया। प्रमुख मार्गों से 400 से अधिक अनधिकृत बैनर एवं पोस्टर हटाए गए तथा 5 होर्डिंग संरचनाओं को हटाया गया। दूसरे अभियान के तहत ए मार्केट क्षेत्र के चौक व मुख्य मार्ग से अनधिकृत रूप से रखी गई अतिरिक्त सामग्री तथा शेड के अवैध विस्तार को हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया गया।

- सड़कों व चौकों से भी अवैध निर्माण हटाया

इस दौरान 21 बीएसपी अधिकारियों के रिटेंशन आवास भी स्वैच्छिक रूप से रिक्त कराए जा चुके हैं। अभियान की टीम में जीएम प्रभारी एबी श्रीनिवासन व एजीएम सहित रेमी थॉमस उप प्रबंधक मुकुन्द दास मानिकपुरी, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, संपदा निरीक्षक भगवान, रमाकांत यादव, राममूर्ति, लल्लन सिंह, बलराम शुक्ला, अजय मिश्रा, कुद्दुदीन कुरैशी, ज्ञानचंद जैन, नीरज बाली, राम शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### बदमाश सोमेश जिला बदर, दर्ज हैं 27 मामले



**भिलाई।** बदमाश ग्राम अंजोरा निवासी सोमेश वैष्णव के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। सोमेश वैष्णव के खिलाफ जिलाबदर का आदेश पारित किया गया। सोमेश पर 2002 से 2023 के मध्य लूट, मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, अवैध हथियार रखने और अवैध शराब बेचने समेत कुल 27 आपराधिक प्रकरण थानों में दर्ज है. बार-बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के बावजूद आरोपी के आचरण में सुधार नहीं होने और उसकी गतिविधियों से क्षेत्र की लोक व्यवस्था प्रभावित होने पर जिलाबदर किया गया। आदेशानुसार आरोपी को एक सप्ताह के भीतर दुर्ग सीमावर्ती जिलों की सीमा से बाहर जाना होगा। एक वर्ष की अवधि तक बिना पूर्व अनुमति संबंधित जिलों में प्रवेश नहीं कर सकेगा। उपलब्ध अभिलेखों एवं पुलिस प्रतिवेदन के परीक्षण के बाद यह पाया गया कि आरोपी सोमेश की आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में भय और आतंक का वातावरण निर्मित हो रहा है। आदेशानुसार आरोपी को आदेश की तिथि से एक सप्ताह के भीतर जिला दुर्ग सीमावर्ती जिले राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की सीमाओं से बाहर जाना होगा। एक वर्ष की अवधि तक सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना होगा।

### पांच साल की मासूम से अनाचार नाबालिग पकड़ा गया

**भिलाई।** चाकलेट का झांसा देकर पांच साल की मासूम के साथ अनाचार करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस नाबालिग को पकड़ लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि पांच साल की मासूम को अकेली पाकर 14 वर्षीय बालक उसे अपने घर लेकर गया। जहां उसके साथ अनाचार किया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। मासूम जब अपने घर पहुंची तो उसने परिजनों को पेट दर्द होने की जानकारी दी। चेक करने के बाद परिजन तुरंत पुलिस थाने पहुंचे। पुलिस मासूम का मेडिकल परीक्षण कराने अस्पताल लेकर गई। शिकायत के बाद पुलिस नाबालिग को पकड़कर थाने लेकर आई। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# कोविड में अनाथ हुए बच्चों से मिले कलेक्टर, पढ़ाई और भविष्य पर की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खो चुके दस बच्चों प्रीति टंडन, करीना टंडन, स्पनिल बोस, दुष्यंत कुमार साहू, जयंत कुमार साहू, वैभव बंजारे, सुल्ताना खान, यमुना ठाकुर, जय ठाकुर, रविन्द्र कुमार टंडन से कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार को मुलाकात की। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्होंने बच्चों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से उनके वर्तमान विद्यालय, पढ़ाई की स्थिति और रुचियों के बारे में विस्तार से पूछा। शासन द्वारा दी जा रही अन्य सहायता योजनाओं के बारे में भी बच्चों से सीधे जानकारी ली। पीएम केयर्स में लाभान्वित बालक-बालिकाओं को स्पांसरशिप योजना, महतारी दुलार योजना आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी ली।

# पूरे दिन छाए रहे बादल, बारिश का होता रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिलेवासियों को मानसूनी बारिश का हर दिन इंतजार हो रहा है। रूठे मानसून आज-कल में आएगा इसकी मौसम विभाग रोजाना भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन बारिश का अता-पता नहीं है। गुरुवार को पूरे दिन बादल छाए रहे लेकिन बरसे नहीं। बुधवार की रात से लेकर अलसुबह तक ऐसा मौसम दिखाई दिया कि अब-तब बारिश होगी। यही हाल दूसरे दिन यानी गुरुवार को रहा। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मरोदा, रिसाली क्षेत्र में पौने 11 बजे 20 मिनट के लिए बारिश हुई लेकिन यह केवल 15 मीटर क्षेत्रफल में ही था। आगे सेक्टर एरिया से लेकर सुपेला, पावरहाउस, भिलाई तीन, रामनगर और दुर्ग क्षेत्र में बारिश ही नहीं हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों को बारिश ठेंगा दिखा गई। जो चिंता का कारण बना हुआ है।



### आसमान पर बदली छाने से 2 डिग्री लुढ़का पारा

दो दिनों से आसमान पर बदली का वातावरण बनने से भीषण गर्मी से जरूर लोगों को राहत मिली है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। इससे लोगों को राहत मिली है। इसके पहले उमसभरी गर्मी से लोग परेशान थे। अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस चला गया था। हर शाम को अचानक बादल आ जाते और कुछ देर हल्की बारिश होती। जिसकी वजह से वातावरण में आर्द्रता बढ़ जाती।

### छाई रहेगी बदली, बारिश भी होगी आज

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 3 जुलाई को दुर्ग सहित प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम न्यूनतम तापमान 32C जौर 26C के आसपास रहने की संभावना है। 2 दिनों के बाद प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर एक भारी वर्षा होने की संभावना है। तथा गरज- चमक के वज्रपात होने की संभावना है।

### इस तरह चल रहा है सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों पर भरा कम दबाव का क्षेत्र उसी इलाके में बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुकता जा रहा है। अगले 2-3 दिनों में इसके और अधिक स्पष्ट होने की संभावना है। एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पक्षिम उत्तर प्रदेश के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर अभी भी बना हुआ है। उत्तर-पश्चिम राजस्थान से लेकर उत्तर ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों के पास उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दवाब वाले क्षेत्र के केंद्र तक, समुद्र तल पर मौसमी द्रोणिका बनी हुई है।इसके साथ ही दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तर मध्य प्रदेश और उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण भी मौजूद है, जो समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला हुआ है।

शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
NAAC A
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यू ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

## कार्यपालक निदेशक बने संजय खंडेलवाल



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ में कार्यपालक निदेशकों के प्रभार में परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संचारण एवं संधारण के पद पर संजय खंडेलवाल की नियुक्ति दी गई है। वे वर्तमान में दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यरत है। वहीं, राजनांदगांव के कार्यपालक निदेशक शिरीष शैलेट का स्थानांतरण दुर्ग क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया ह। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी की मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा द्वारा उक्त आदेश जारी किए गए हैं।

## शाला प्रवेशोत्सव 5 को

**भिलाई।** गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित बाल संस्कार शाला में प्रवेश दिलायें का आयोजन 5 जुलाई को प्रत्येक रविवार को सुबह 10.30 से 12.30 बजे तक गायत्री मंदिर रिसाली में आयोजित है। जिसमें प्रत्येक माता-पिता यह चाहते हैं कि उनके बच्चे न केवल स्कूली शिक्षा में ही अग्रणी हो, अपितु अन्य कलाओं जैसे-खेलकूद व अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी प्रावीण्य हो। युगऋषि पं. राम शर्मा आचार्य के सूक्ष्म संरक्षण में गायत्री परिवार शाखा, रिसाली सेक्टर द्वारा व्यापक स्तर पर बाल संस्कार शाला (केन्द्र) चलाये जा रहे हैं।

## दिवंगत चैनसुख भट्टड़ अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** जिला सहकारी थोक उपभोक्ता भंडार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दिवंगत भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने मानसरोवर यात्रा में यात्रियों को मार्गदर्शन के लिए सन 1998 में दुर्ग शहर में एक संघ का गठन किया गया था। जिसके प्रथम अध्यक्ष चैनसुख भट्टड़ ही थे। 30 जून को भट्टड़ का आकस्मिक निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शिवराज राउत, विनोद ताम्रकर आदि मौजूद थे।

# दुर्ग में 9, अहिवारा, कुम्हारी, अमलेश्वर 5-5, धमधा, उतई व पाटन में 3-3 एल्डरमैन नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरीय प्रशासन ने दुर्ग जिले के 7 निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। लंबे समय से अटकी इस प्रक्रिया के पूरे होने का इंतजार था।

बता दें कि आगामी दिनों में निकाय चुनाव होने हैं। इसमें रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा और जामुल निकाय में वार्ड चुनाव होने हैं। इस बीच एल्डरमैन की नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है। नगरीय प्रशासन ने जारी आदेश में दुर्ग से 9, अहिवारा, कुम्हारी, अमलेश्वर में 5-5 तथा धमधा, उतई और पाटन में तीन-तीन एल्डरमैन की नियुक्ति की है। दुर्ग निगम क्षेत्र में खास बात यह है कि दो पूर्व पार्षदों को भी मौका दिया गया है। उनमें चमेली साहू और नरेश तेजवानी प्रमुख हैं। नरेश तेजवानी एक बार पार्षद और दो बार पहले भी एल्डरमैन रह चुके हैं।

ये दोनों लंबे समय से भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। पिछले निकाय चुनाव में उनकी टिकट कट गई थी। इसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें पुनः निगम की राजनीति और जनता के हितों के लिए काम करने का मौका दिया है। उनके अलावा मदन बढ़ई, अनूप सोनी, तुलसी यादव, दशरथ निर्मलकर, गौरव शर्मा, तेखन सिन्हा, कांतिलाल जैन को भी मौका दिया गया है। चर्चा है कि बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय और मंत्री गजेंद्र यादव की पसंद को प्राथमिकता दी गई है।

## नगरीय प्रशासन ने की जारी की सूची, दुर्ग में दो पूर्व पार्षदों को भी मिला मौका

### सदन में बढ़ेगी भाजपा की ताकत, दुर्ग में हो गए 49 सदस्य

एल्डरमैन की नियुक्ति के साथ ही निकायों में भाजपा की ताकत पहले से और अधिक बढ़ गई है। सदन में उनके सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग निगम में पहले जहां 40 भाजपा समर्थित सदस्य थे। अब 9 जुड़कर 49 हो गए हैं। वर्तमान में निगम में कांग्रेस के 12 और 8 निर्दलीय पार्षद हैं। 60 वार्डों के निगम में पिछले दिनों कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय पार्षदों ने सामूहिक रूप से पिछले दिनों केरल की सैर की। इसमें करीब 38 पार्षद शामिल हुए। कांग्रेस और भाजपा की इस सामूहिक यात्रा को लेकर शहर में खासी चर्चा है। सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। किसी प्रायोजक के माध्यम से यह यात्रा कराई गई है।

### जिले के 6 अन्य निकायों में भी की गई नियुक्ति

जिले के 6 अन्य निकायों में भी नियुक्तियां कर दी गई है। कुम्हारी से मनहरण साहू, गोल्डी गोस्वामी, सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, अमलेश्वर से सुनील शर्मा, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, धमधा से उदयकांत पटेल, मन्नूलाल महोबिया, अजय मिश्रा, पाटन से दमोदर चक्रधारी, प्रकाश बिजौरा, गंगा प्रसाद देवांगन, उतई से शशि वर्मा, चेतन साहू, चंदू देवांगन, अहिवारा से लक्ष्मण क्षत्री, पुनिता राउत, ममता जंघेल, शिव शंकर कश्यप, नंद कुमार यादव को नियुक्त किया गया है।

## मवेशियों को रखने संचालित हो रहे कांजी हाउस और गौशाला, फिर भी दिक्कत

# बारिश आते ही मवेशी एक बार फिर सड़क पर, हटाने के लिए अब तक प्रयास नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आवारा मवेशियों की समस्या जिले में बरकरार है। बारिश आते ही एक बार फिर मवेशी शहर की प्रमुख सड़कों और हाईवे पर खड़े हो रहे हैं। इससे सड़क हादसे का खतरा बढ़ गया है। शहरी सड़कों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात है। खास बात यह हैं कि इससे मुख्य सड़कों पर हादसों का खतरा बढ़ गया है। अब तक प्रशासनिक स्तर पर इन मवेशियों को हटाने को लेकर व्यापक पहल नहीं की गई है। इसकी वजह से न ही भिलाई-दुर्ग में इन मवेशियों को हटाने के इंतजाम किए गए हैं, न ही ग्रामीण क्षेत्रों में। ग्रामीण क्षेत्रों में हालत बेहद खराब है। बता दें कि इसे लेकर हाईकोर्ट द्वारा लगातार फटकार लगाई जा रही है। गाइडलाइन जारी की जा रही है। बावजूद इसकी अनदेखी की जा रही है। दो महीने पहले भी बिलासपुर हाईकोर्ट ने राज्य शासन से जवाब मांगा था। इसके बाद राज्य शासन ने जवाब भी प्रस्तुत किया, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। प्रतिवर्ष ऐसे ही हालात निर्मित हो रहे हैं। बावजूद स्थाई समाधान अब तक नहीं तलाशा गया है। राज्य शासन ने हाईकोर्ट में पेश जवाब में कहा था कि गौधाम में चारे, पानी और मवेशियों के रहने की पर्याप्त व्यवस्था की है। प्रदेश में कुल 142 रजिस्टर्ड गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें करीब 39 हजार मवेशियों का संरक्षण किया जा रहा है।मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने की थी। उन्होंने कहा था कि अगर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, तो सड़कों पर आवारा मवेशियों की संख्या कम क्यों नहीं हो रही है। जनहित में लगाई गई याचिका पर लगी याचिका में सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई थी।

**हादसों का बढ़ा खतरा**



### शपथ पत्र में शासन ने कहा- नहीं है कोई अव्यवस्था

जानकारी के मुताबिक मवेशियों को लेकर सामने आ रही इन परेशानियों को लेकर शासन ने कोर्ट में प्रस्तुत शपथ पत्र में कहा था कि कोई भी अव्यवस्था नहीं है। गौशालाओं में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश में 142 रजिस्टर्ड गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें करीब 39 हजार मवेशियों को रखा गया है। डिवीजन बेंच ने यहां तक कहा था कि बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गोधाम बनने के बावजूद मवेशी सार्वजनिक स्थानों पर घूम रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि जिम्मेदार पक्षों की ओर से किए गए इंतजाम अब भी पर्याप्त नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक इस मामले में जल्द ही सुनवाई होनी है।

### नोडल अफसरों को सौंपी गई जिम्मेदारी, होगी नियमित मॉनिटरिंग

इधर शासन ने यह भी बताया कि 7 नवंबर 2025 को जारी आदेश के तहत विशेष नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के बीच समन्वय स्थापित करना है, ताकि छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 के तहत जब्त और आवारा मवेशियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने जिला प्रशासन को पशुपालन विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि गौधामों में रखे गए मवेशियों को सिर्फ छत ही नहीं, बल्कि चारा, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसके अलावा स्टेट और नेशनल हाईवे में निगरानी के इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक स्तर पर निकायों को भी मवेशियों को सड़क से हटाने की जिम्मेदारी दी गई, लेकिन अब तक इसे लेकर खानापूर्ति की गई है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में शिवसेना के प्रदेश सचिव सहित कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पंजाब कांग्रेस प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उपस्थिति में भिलाई-3 स्थित निवास में शिवसेना के प्रदेश सचिव हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में बड़ी युवाओं को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराया। सभी ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंचकर कांग्रेस प्रवेश किया।

■ राकेश ठाकुर ने कहा-युवा कांग्रेस से जुड़ रहे

इस दौरान कांग्रेस की विचारधारा, संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, युवाओं के अधिकार, किसान एवं मजदूर हितों तथा जनसेवा के संकल्प से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस परिवार में शामिल होने का निर्णय लिया। सभी नवप्रवेशी सदस्यों का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया तथा संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवप्रवेशी युवाओं का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोड़ने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि युवाओं का कांग्रेस के प्रति बढ़ता विश्वास इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की युवा शक्ति जनहित, विकास और संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ी है। राकेश ठाकुर ने कहा कि शिवसेना के प्रदेश सचिव हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं का कांग्रेस में शामिल होना जिले एवं प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने सभी नवप्रवेशी साथियों से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों में हिमांशु शर्मा, आसुतोष तिवारी, अरुण कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, राजू मेश्राम, बबलू परिधि, राहुल पटेल, आलोक शर्मा, ऋषि केंवट, संजय कर्ष, लक्की साहू, वेद गुप्ता, शिवम तिवारी, विक्रम तिवारी, जय निर्मलकर, प्रसन्न उप्पल, विक्की बजाज आदि शामिल हैं।

# जिस जगह को राजस्व विभाग सरकारी बता रहा, वहां 40 साल पुरानी रजिस्ट्रियां, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



बोरसी क्षेत्र में सरकारी जमीनों के रिकॉर्ड में बड़ी तकनीकी खामियां सामने आई है। जानकारी के मुताबिक राजस्व विभाग बोरसी के जिस क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बता रहा है, वहां लोगों के पास 40 से 50 साल पुरानी रजिस्ट्रियां हैं। इसकी शिकायत लेकर लोगों ने तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता से मुलाकात की। वार्ड-42 से पार्षद प्रकाश गीते के नेतृत्व में लोगों से इस पूरे मामले में अपना पक्ष रखा। उन्होंने अवगत कराया कि करीब 28 ऐसे परिवार सामने आए हैं, जिनके पास लीगल दस्तावेज हैं। रजिस्ट्री के पेपर हैं। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब 500 परिवार निवासरत हैं, जो लंबे समय से इन क्षेत्रों में रह रहे हैं। अचानक इस प्रकार का नोटिस जारी करना गलत है। उन्होंने इस पूरे मामले में नियमतः कार्रवाई कर लोगों को मालिकाना हक दिलाने की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

■ तहसीलदार के पास पहुंचकर प्रभावित परिवारों ने दर्ज कराई शिकायत

इस पूरे मामले में तहसीलदार का कहना है कि आप जिस जगह पर निवासरत है और पीछे जो तालाब है, वह लगभग 40 एकड़ शासकीय भूमि है। यह 1954 के रिकॉर्ड के आधार पर पता चला है। आप लोग अपना अभिमत प्रस्तुत करें। आगामी 9 जुलाई तक मौका दिया गया है। प्रकाश गीते ने कहा कि जिनके पास दस्तावेज नहीं है, जो बोरसी तालाब के आसपास निवासरस हैं। वे भी अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। प्रशासनिक स्तर पर यह सुनवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। अब तक शासन-प्रशासन ने इस जमीन को लेकर कोई जानकारी नहीं ली। अचानक लोगों को हटाने की कार्रवाई पूरी तरह से गलत है।

## बर्खास्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की बहाली को लेकर सांकेतिक प्रदर्शन



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सेवा से बर्खास्त किए गए संविदा लैब टेक्नीशियन और संविदा स्टाफ नर्सों की पुनर्बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को भोजन अवकाश के दौरान जिला चिकित्सालय दुर्ग और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम, उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल और जिला अस्पताल संयोजक राघवेंद्र साहू ने किया। इसमें विभिन्न कैडरों के स्वास्थ्य कर्मचारी और संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। सत्येंद्र गुप्ता ने कहा कि बर्खास्त कर्मचारियों के मामले की उच्च स्तर पर पुनः जांच कराई जानी चाहिए। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा कि संबंधित कर्मचारियों ने घटना वाले दिन भी ब्लड बैंक से तीन मरीजों को रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने का कार्य किया था। संभागीय अध्यक्ष अजय नायक ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में होने वाली घटनाओं में केवल तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक स्तर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा बर्खास्त कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल करने की मांग की। सांकेतिक प्रदर्शन में अस्पताल संयोजक राघवेंद्र साहू, नर्सिंग प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजू राय, जिला सचिव खिलावन चंद्राकर, महामंत्री लक्ष्मीकांत धोटे, भूपेश उपाध्याय, रोशन सिंह, धनीराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तकनीक आधारित शिक्षा के लिए वर्तमान समय में स्मार्ट क्लास जरूरी : शिक्षामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को दीपकनगर और तितुरडीह स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तथा पंचशील नगर के शासकीय चंद्रशेखर आजाद विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किये। इस दौरान बच्चों को गणवेश एवं जूता भी वितरित किया।

■ विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से किया संवाद

गजेन्द्र यादव ने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि नया शिक्षा सत्र बच्चों के नए सपनों और नई उम्मीदों की शुरुआत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को अच्छा शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, ताकि वे अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल कर सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। स्कूलों में बेहतर अधोसंरचना, आधुनिक संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किये। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित शिक्षा से बच्चों को विषयों को समझने में आसानी होगी और वे भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार होंगे। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव कक्षाओं में भी पहुंचे और बच्चों के बीच बैठकर उनसे पढ़ाई, पसंदीदा विषयों और भविष्य के सपनों पर चर्चा की। बच्चों का उत्साह, आत्मविश्वास और सीखने की जिज्ञासा देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा मन लगाकर पढ़ाई करने और नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया।

## जिले में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन का शुभारंभ

# ग्रामीण परिवारों को मिलेगा 125 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत सभा कक्ष में गुरुवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (जी-रामजी) का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तिरुपति से केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल तथा विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने की। इस अवसर पर सीईओ बजरंग कुमार दुबे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, प्रिया साहू, श्रद्धा साहू, नीलम चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

■ कार्यक्रम में सांसद विजय व विधायक ललित रहे मौजूद

विजय बघेल ने कहा कि विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ग्रामीण परिवार को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का कानूनी रूप से गारंटीशुदा मांग आधारित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही छत्तीसगढ़ में मजदूरी दर 262 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत रोजगार की मांग प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर कार्य उपलब्ध कराने तथा मजदूरी का भुगतान सात दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक व्यय की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दी गई है।



### आपदा निराकरण के लिए करेंगे काम

योजना के अंतर्गत ग्रामीण विकास के चार प्रमुख क्षेत्रों जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन एवं आपदा-निवारण पर विशेष फोकस किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में स्थायी परिसंपत्तियों एवं आधारभूत अधोसंरचना के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा ग्राम पंचायतों के सतत एवं समग्र विकास को गति मिलेगी। बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार की जाएगी। प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल के अनुरूप आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों का चयन किया जाएगा। डिजिटल मॉनिटरिंग विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक (व्हीबी-एनआरआईएस) के माध्यम से की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

### 60 दिनों तक काम स्थगित करने का अधिकार

जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि योजना के अंतर्गत जल संरक्षण, ग्रामीण सड़क एवं अन्य आधारभूत अधोसंरचना, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार को बुवाई एवं कटाई के दौरान श्रम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वर्ष में अधिकतम 60 दिनों तक कार्य स्थगित करने का अधिकार रहेगा। इस अवसर पर बताया गया कि योजना के संबंध में फैलाई जा रही भ्रांतियों का कोई आधार नहीं है। रोजगार की गारंटी को कम नहीं बल्कि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। सभी विकास कार्यों का चयन एवं अनुमोदन ग्राम सभाओं द्वारा ही किया जाएगा। योजना के लिए प्राथमिक वित्तीय दायित्व पूर्ववत केंद्र सरकार का रहेगा तथा इसका उद्देश्य सहकारी संघवाद, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ करना है।

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय कर्मी मिले सचिव से



**दुर्ग।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्री अरुण साव के निर्देश पर स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ बीएमएस के पदाधिकारियों ने विभागीय सचिव से प्रदेश के निकायो में व्याप्त अधिकारी कर्मचारी की समस्याओं का 15 सूत्रीय मांग पत्र पर विस्तृत चर्चा की। सचिव ने कहा कि तीन माह के भीतर प्रदेश के निकायो में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के वेतन भुगतान की समस्या पर सुधार नजर आने लगेगी। अनुकम्पा नियुक्ति के लम्बित प्रकरणों पर पद स्वीकृत का फाइल मंत्री के अनुमोदन प्राप्त होगा। राजस्व निरीक्षकों कि वरिष्ठता सूची का आदेश भी अतिशीघ्र जारी किया जावेगा। निकाय के कर्मचारियों को 5 लाख तक कैशलेश इलाज के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ शीध्र बैठक कर निर्देश जारी किया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश तिवारी, राष्ट्रीय मंत्री संजय मिश्रा, संयोजक विष्णु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष, गोपाल सिन्हा, जिला प्रवक्ता नवीन साहू, जय प्रकाश दुबे बिलासपुर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

**जामुल।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला देवनगर जामुल में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं चॉकलेट एवं बिस्किट खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका जामुल नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा उपस्थिति रही। कार्यक्रम में एमएससी अध्यक्ष चंद्रकुमार बर्मन, उपाध्यक्ष सीमा देवी चौधरी, एमआर गोंवरे, प्रधान पाठक टीके भीमगडे, प्राथमिक शाला ढौर सीएसी दीपक बुंदेला, शाला के शिक्षक गण संध्या पांडे, पीके साहू एवं एमके डहरिया, टोनू देवांगन, सरिता सोनवानी पालकगण उपस्थित थे।

### प्रधान पाठक को दी भावभीनी विदाई



**अंडा।** प्राथमिक शाला जजंगिरी में प्रधान पाठक मीना धीवर के तबादले पर उनके सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रधान पाठक मीना धीवर ने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की शिक्षा और अनुशासन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर गांव की मुखिया गीता कमलेश ठाकुर, पंचायत सचिव नेवेंद्र यादव, सेवानिवृत शिक्षक कमल सुकतेल, देवदास सर सरपंच प्रतिनिधि कमलेश ठाकुर सहित गांव के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सेवानिवृति प्रधान पाठक को दी गई बिदाई



**निकुम।** प्रधान पाठक पूर्णिमा लाल चंद्राकार की सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। एसएमसी अध्यक्ष रोशन यादव ने शिक्षा जगत में उनके योगदान को सराहा। वहीं सेवानिवृत हुए प्रधान पाठक ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि गुरु केवल पढ़ाते नहीं, वे जीवन जीने की दिशा दिखाते हैं। इसी तरह प्रधान पाठक निकुम पूर्णिमा चंद्राकर का विदाई कार्यक्रम रखा गया। जिसमें लाल अवनीश सिंह संकुल समन्वयक निकुम, ढेलूराम देवांगन शिक्षक, तोमन सिंह इस्दा प्रधान पाठक, शिक्षक टी पी देशमुख, नारद साहू, पूर्णिमा धनकर आदि मौजूद थे।

## निधन

### शाश्वत येचुरी

**भिलाई।** प्लाट नंबर 37, फेज 4/ए, मैत्री नगर, रिसाली निवासी शाश्वत येचुरी (26) का 2 जुलाई को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार रिसाली मुक्तिधाम में 3 जुलाई को किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से दोपहर 1.30 बजे निकलेगी। वे स्टेट बैंक के रिटायर्ड एजीएम विजय येचुरी और प्रोफेसर शीला येचुरी के पुत्र और जवाहर व श्रीनिवास के भतीजे थे।

### बिसरी देवी गजपाल

**उतई।** ग्राम करगाडीह निवासी बिसरी देवी गजपाल उम्र 76 वर्ष का आकस्मिक निधन 1 जुलाई को हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे बिकल सिंह गजपाल शिक्षक की पत्नी व डॉ. ताराचंद, देवेंद्र, पूर्व सरपंच करगाडीह व अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ खोपली घनश्याम गजपाल, प्रभा साहू व सुरेखा साहू की मां थीं।

### पुलिस विभाग की जांच भी जारी, अतिक्रमण प्रकरण दर्ज

# धरमपुरा में शासकीय भूमि पर खेती करने का आरोप, राजस्व जांच में पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

विकासखंड के ग्राम धरमपुरा में स्थित खसरा नंबर 466 एवं 467 की करोड़ों रुपये मूल्य की शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला अब नया मोड़ ले चुका है। राजस्व विभाग की जांच में वैशाली नगर भिलाई थाने में पदस्थ आरक्षक सुरेश यादव (पिता शत्रुघ्न यादव) द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर खेती किए जाने की पुष्टि होने का दावा किया गया है। जांच के बाद राजस्व विभाग ने अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क से लगी शासकीय भूमि पर लंबे समय से कब्जा किया गया है। आरोप है कि पुलिस विभाग में पदस्थ होने के कारण सुरेश यादव का प्रभाव दिखाकर विरोध करने वालों को डराया-धमकाया जाता रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इसी भय के कारण अधिकांश लोग खुलकर शिकायत करने से बचते रहे। सूत्रों के अनुसार मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), धमधा से की गई थी। इसके बाद पंचायत एवं पटवारी की संयुक्त जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में पंचायत द्वारा भी भूमि को शासकीय बताते हुए कब्जे की पुष्टि किए जाने की जानकारी सामने आई। तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण में भी ग्राम धरमपुरा की शासकीय भूमि पर कब्जा पाए जाने के बाद राजस्व विभाग ने अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू कर दी। इधर, शिकायत के आधार पर उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस लाइन दुर्ग द्वारा भी विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है। शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जा चुका है और मामले की विवेचना जारी है। राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद यह मामला पुलिस विभाग में भी चर्चा का विषय बन गया है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि क्षेत्र में पूर्व में सामने आए कथित अवैध मुरुम खनन प्रकरण में भी शत्रुघ्न यादव का नाम सामने आया था। हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

अब पूरे मामले में लोगों की निगाह प्रशासन और पुलिस विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला इस सवाल को भी जन्म देता है कि जब रक्षक ही भक्षक बनकर शासकीय भूमि पर कब्जा करने के आरोपों में घिर जाए, तो आम जनता का कानून पर विश्वास कैसे कायम रहेगा?

**वैशालीनगर थाने का सिपाही कब्जाकर कर रहा खेती**





## डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण शुरू, विधायक ललित हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ भाजपा मंडल रिसाली-मरोदा-पुरैना-अंडा-निकुम में हुआ आयोजन

भाजपा रिसाली-मरोदा-पुरैना-अंडा-निकुम मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली, डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं जनसेवा को और अधिक सशक्त व पारदर्शी बनाने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। चंद्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के विचार और संगठन के अनुशासन को डिजिटल ताकत के साथ जोड़कर ही हम अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचा पाएंगे। प्रशिक्षित, अनुशासित और तकनीक-सक्षम कार्यकर्ता ही आत्मनिर्भर भारत और शिक्षित छत्तीसगढ़' की नींव हैं। डबल इंजन की सरकार में गांव-गांव तक विकास और डिजिटल सशक्तिकरण की रोशनी पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, राजीव पाण्डे, जिला मंत्री शैलेन्द्र शेंडे, गिरेश साहू, मंडल अध्यक्ष एकनाथ, अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री दशरथ साहू, गुड्डु झा, नरेन्द्र निर्मलकर, पुनाराम कलिहारी, पुराण देशमुख, डिलेश गब्बर साहू, हेमलता देशमुख, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, जनपद सदस्य बेला यादव, सोसाइटी अध्यक्ष भैया लाल साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष नोमेश पिपरिया आदि उपस्थित थे।

## डुंडेरा में बढ़ती चोरी, अड्डेबाजी और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

उतई थाना क्षेत्र के ग्राम डुंडेरा में लगातार बढ़ रही चोरी की घटना , शासकीय संपत्तियों में तोड़फोड़, अड्डेबाजी एवं संदिग्ध गतिविधियों से ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। इन घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी उतई को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि पिछले एक-दो महीनों के दौरान गांव में खेतों में लगे पानी के मोटर पंप, विद्युत केबल, शासकीय भवनों एवं शासकीय पशु चिकित्सालय में चोरी, मंदिरों के दानपेटी व अन्य समानों की चोरी, किराना दुकान मे सटर तोड़ कर चोरी जैसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आमजन में भय का वातावरण व्याप्त है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के शासकीय भवनों, विद्यालय परिसरों एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों में लगातार तोड़फोड़ की घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा रात्रि के समय गांव के कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अड्डेबाजी की जाती है। झुंड बनाकर देर रात तक बैठे रहने से महिलाओं, बुजुर्गों एवं आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता गहराती जा रही है।



■ ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा, पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे के साथ ग्रामीण पहुचें उतई थाना

ज्ञापन में रामनगर से लगे डुंडेरा नर्सरी परिसर का भी उल्लेख किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार यहां बाहरी युवक-युवतियों का संदिग्ध रूप से एकत्रित होना लगातार देखा जा रहा है। इससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, मोहल्लेवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है तथा नई पीढ़ी के बीच भी गलत संदेश जा रहा है। ग्रामीणों ने इस क्षेत्र में नियमित पुलिस निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने कहा कि ग्राम डुंडेरा में लगातार बढ़ रही आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस दौरान ईश्वर साहू, चंदूलाल गायकवाड़, मोनू तिवारी, विजय देवांगन, अंकित, किशन लाल, होमेन्द्र साहू और अमोली राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### जरूरतमंद परिवारों को मिले आवास का लाभ : कीर्ति नायक

**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने प्रधानमंत्री आवास प्लस 2.0 की प्रारंभिक पात्रता सूची में उनके नाम को लेकर अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा है कि यह सूची शासन द्वारा नियुक्त सर्वे दल एवं संबंधित विभाग द्वारा तैयार की गई है। इस सर्वे, सत्यापन या सूची निर्माण की प्रक्रिया में उनका किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं रहा है। कीर्ति नायक ने कहा कि जैसे ही उन्हें प्रारंभिक सूची में अपना नाम शामिल होने की जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन को मौखिक रूप से निर्देशित किया कि यदि किसी भी स्तर पर उनके नाम का आवास स्वीकृत अथवा पात्रता सूची में दर्ज है, तो उसे तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही संपूर्ण सूची का निष्पक्ष पुनः सर्वे एवं सत्यापन कराया जाए, ताकि कोई भी वास्तविक, गरीब एवं जरूरतमंद परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं स्वयं किसी भी प्रकार से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने की इच्छुक नहीं हूँ। मेरी प्राथमिकता केवल यह है कि शासन की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े वास्तविक पात्र और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचे। यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि हुई है, तो उसका निष्पक्ष परीक्षण कर तत्काल सुधार किया जाना चाहिए।



## सियान सदन का लोकार्पण, चबूतरा निर्माण कार्य और डोम शेड के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल



नगर पालिका जामुल कार्यालय परिसर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के जन्मदिन को नगर वासियों ने धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर पालिका क्षेत्र के वार्ड 18 में सियान सदन का लोकार्पण किया गया एवं वार्ड 10 में परशुराम चौक के लिए चबुतरा निर्माण कार्य एवं वार्ड 20 में शिव मंदिर के पास डोम शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। तत्पश्चात एसीसी मंगल भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभावान छात्रों के साथ अनेक वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। वहीं बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा रक्तदान किया गया।

कार्यक्रम में विधायक अहिवारा एवं अनुसुचित जाति प्राधिकरण उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, खादी तथा ग्रामोद्योग प्रदेश अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, विधायक प्रतिनिधी सतीश साहू सहित नगर पालिका जामुल के पार्षदगण खम्हन ठाकुर, दीपक गुप्ता, सीमा यादव, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, चुम्मन वर्मा, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं जनप्रतिनिधीगण एवं नगरवासी की उपस्थिति रही। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल रमाकांत साहू, उपअभियंता सचिन भागवत सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य लोगों द्वारा नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर को जन्मदिन की बधाई दिये। वहीं आसपास क्षेत्र के वरिष्ठ जन संतोष मोर्या, ललित मोहन, तुलसी साहू, भोजराज सिन्हा, सौरभ जायसवाल, महेश वर्मा, नटवर ताम्रकार, अनुज साहू, खिलावन साहू, अनुज सिंह, दुर्योधन साहू, दिलीप सिंह, बी. रवि राव, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, राकेश शर्मा, बाली बर्मन, हरीश वर्मा, राजेश्वरी रेड्डी, लक्ष्मी वर्मा, प्रदीप सिंह, संजय शर्मा, राजेश मिश्रा, आलोक ठाकुर, प्रदीप सिंह, ओम ओबराय, राजेश वर्मा, मनीष साहू उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## कोटा स्टडी सर्कल भिलाई में विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**भिलाई।** कोटा स्टडी सर्कल भिलाई और रायपुर डॉ. राजेश मित्तल ने कहा कि आज आप सभी ने एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आपने हार मानने के बजाय एक और प्रयास करने का साहस दिखाया है। यही साहस आपको भीड़ से अलग बनाता है।

ड्रॉपर होना असफलता का प्रतीक नहीं है, बल्कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रमाण है। भारत के अनेक सफल डॉक्टरों ने अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक अतिरिक्त वर्ष दिया है। यह वर्ष आपके जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निवेश हो सकता है,याद रखिए, नीट/जेईई केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि आपकी मेहनत, अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास की परीक्षा भी है। कई बार सफलता और असफलता के बीच केवल कुछ अंक का अंतर होता है। यह अंतर प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास और सही मार्गदर्शन से बनता है। आने वाले महीनों में आपको थकान होगी, तनाव होगा, और कभी-कभी ऐसा लगेगा कि लक्ष्य बहुत दूर है। लेकिन ऐसे समय में अपने सपने को याद करना। उस दिन की कल्पना करना जब आपके नाम के आगे डॉ. व ईआर लिखा जाएगा, जब आपके माता-पिता गर्व से मुस्कुराएंगे और जब आपकी मेहनत रंग लाएगी। हर दिन स्वयं से एक प्रश्न पूछिए- क्या आज मैंने अपने सपने के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत की? यदि उत्तर हाँ है, तो सफलता आपकी ओर बढ़ रही है। गलतियां होंगी, टेस्ट में कम अंक आएंगे, लेकिन उन्हें अपनी कमजोरी नहीं बल्कि सीखने का अवसर समझिए। हर टेस्ट आपको बेहतर बनाने के लिए है, आपको रोकने के लिए नहीं।




## आयुष यूनिवर्सिटी के बीडीएस चतुर्थ वर्ष के नतीजे घोषित



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च (आरसीडीएसआर) जो कि नैक (मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) 'A' ग्रेड से मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान ह। जिसने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित बीडीएस चतुर्थ वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में रुंगटा डेंटल कॉलेज के 9 छात्रों ने टॉप 10 में अपना रैंक प्राप्त किए हैं। यह संस्थान की कठोर शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया और पूरे भारत में 43वें स्थान पर है, इसके अलावा रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च को आउटलुक द्वारा 20वां स्थान प्रदान किया गया है। कॉलेज में नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और अनुभवी एवं प्रशिक्षित संकाय सदस्यों की टीम मौजूद है जो छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अद्भुत उपलब्धि पर रूंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। वहीं कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने भी छात्रों को बधाई दी। यह उपलब्धि आरसीडीएसआर की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह भारत में डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम मानकों को स्थापित कर रहा है। बीडीएस चतुर्थ वर्ष में युक्ता कुलकर्णी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, खुशी अशोक सिंह और प्रियंका अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया विदिता अग्रवाल, अमुल्या रानी, अंशिका शर्मा, पियू गोराई, स्नेहा भूतड़ा तथा ह्रीतिका रॉय ने क्रमशः चौथा, पांचवा, छठवां, सातंवा, आठवा एवं दसवां स्थान प्राप्त किया। साथ ही, एक और अच्छी बात यह है कि स्टूडेंट्स और आरसीडीएसआर ने न सिर्फ यूनिवर्सिटी मेरिट हासिल की, बल्कि वे छत्तीसगढ़ के सभी डेंटल कॉलेजों में सब्जेक्ट टॉपर भी रहे।

## विधायक देवेंद्र का जामगांव में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



भिलाई नगर विधायक के जामगांव एम एवं रूही आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर विधायक का स्वागत किया तथा विभिन्न स्थानों पर पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। जानकारी के अनुसार, विधायक देवेंद्र यादव एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान संजय यदु एवं नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में जामगांव एम बस स्टैंड चौक के पास सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम के बाद बाइक रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पूर्व केंद्रीय मंत्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उनका काफिला रैली के रूप में ग्राम रूही पहुंचा, जहां उन्होंने कैलाश जांगड़े के परिवार में आयोजित नामकरण संस्कार एवं जन्मदिन समारोह में भाग लिया।

रूही पहुंचने से पूर्व विधायक ने जैतखाम में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम रूही में महिलाओं ने आरती उतारकर, श्रीफल एवं शाल भेंट कर विधायक का सम्मान किया।

इस अवसर पर भोला वर्मा, सौरभ कम्मडे, विक्की साहू (बेलहारी), गिरजानंद साहू, भागी साहू, लखन साहू, मनमोहनी साहू, मोहित साहू, चंद्रकुमार कुर्रे, शोभित यादव, कैलाश जांगड़े, दिनेश चतुर्वेदी, के.डी. सिंगौर, करण सिंगार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तिरगा में हर्षोल्लास के साथ मनाया सहकारिता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सहकारिता दिवस के अवसर पर सेवा सहकारी समिति तिरगा-झोला में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष देवसिंह ठाकुर ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक पुकेश्वर दिल्लीवर, ऑपरेटर हेमंत दिल्लीवर, तिलक यादव, कमलेश बेलचंदन, बिसे निषाद, सुकालू राम निषाद एवं नीरज ठाकुर सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




# भिलाई क्षेत्र के वार्डों में चोक नालियां खोली जा रहीं, जलभराव रोकने अभियान

## नालियों में जमा गाद और कचरे को निकालने जुटी कर्मचारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत सभी संवेदनशील वार्डों में नालियों की सफाई, चोक पाइंट खोलने तथा वर्षाजल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बारिश के दौरान कहीं भी पानी का ठहराव न हो और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं जोन की टीमों ने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया है, जहां पूर्व वर्षों में वर्षाजल के ठहराव की स्थिति निर्मित होती रही है। इन स्थानों पर विशेष रूप से नालियों के चोक पाइंट खोले जा रहे हैं, ताकि वर्षाजल बिना किसी अवरोध के मुख्य नालियों तक पहुंच सके। जहां प्राकृतिक बहाव बाधित है, वहां रेनकट (कच्ची नाली) बनाकर पानी का निकास मुख्य नालियों की ओर कराया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में सफाई अमला लगातार फील्ड में मौजूद रहकर नालियों में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य कर रहा है। अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त श्रमिक एवं संसाधन भी लगाए जा रहे हैं।




### शिकायत मिलने पर तत्काल समस्या का करें हल

निगम आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बारिश के दौरान जल निकासी व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। जिन क्षेत्रों में पानी भरने की संभावना हो, वहां पहले से ही आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल नालियों की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे शहर में ऐसी प्रभावी जल निकासी व्यवस्था विकसित करना है जिससे मानसून के दौरान सड़कें जलमग्न न हों, यातायात प्रभावित न हो और आम नागरिकों का दैनिक जीवन सुचारु रूप से चलता रहे।

## खबर संक्षेप



### जेएलएन अस्पताल में चिकित्सा दिवस कार्यक्रम

**भिलाई।** बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस कार्यक्रम हुआ। चिकित्सा जगत के प्रेरणा स्रोत प्रख्यात चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वरिष्ठ चिकित्सकों और अधिकारियों ने उनकी चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हुए चिकित्सकों प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर और डॉ. उदय कुमार, आईएमए, दुर्ग के अध्यक्ष डॉ. रजनीश मल्होत्रा सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक उपस्थित थे। समारोह के दौरान चिकित्सकों के सम्मान में 'स्कार्फ समारोह हुआ । ब्लड डोनेशन ड्राइव रक्तदान शिविर में चिकित्सकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान किया ।

### सुमीत बने जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष

**भिलाई।** एफएसएनएल कर्मचारी संघ भिलाई के पूर्व सचिव सुमीत सिंह को जिला भाजपा किसान मोर्चा भिलाई का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव की अनुशंसा पर उनकी नियुक्ति जिला अध्यक्ष द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति पर संगठन ने किसान हित को मजबूत कर किसान मोर्चा को और मजबूत करने की अपेक्षा की है।



### सीटू ने तत्काल समस्या का निदान नहीं करने पर दी व्यापक कदम उठाने की चेतावनी

# से.9 अस्पताल में ठेका खत्म, 50% अटेंडेंटों को हटाने का खामियाजा भुगत रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेक्टर-9 अस्पताल में अटेंडेंट ठेका श्रमिकों का ठेका समाप्त होने और समय पर नया ठेका अथवा एक्सटेंशन नहीं दिए जाने का खामियाजा मरीजों और अस्ताल के कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। अटेंडेटों की भारी कमी पूरे अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। सीटू ने इसे अस्पताल के निजीकरण की साजिश के तहत प्रशासनिक विफलता बताते हुए तत्काल निकाले गए ठेका अटेंडेंटों की बहाल की मांग की है। समस्या का समाधान नहीं होने पर अस्पताल के हितों की रक्षा के लिए व्यापक कदम उठाने की चेतावनी दी है।

- वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने से चरमराई व्यवस्था, निजीकरण की साजिश

सीटू यूनियन के मुताबिक प्रबंधन को पहले स पहले से पता था कि ठेका अवधि समाप्त होने वाली है, फिर भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। नया ठेका समय पर नहीं किये जाने से करीब 50 प्रतिशत ठेका अटेंडेंटों को काम से निकाल दिए जाने के बाद बचे मात्र 25 प्रतिशत अटेंडेंटों के भरोसे पूरा अस्पताल चलाना मुश्किल और अमानवीय है। इससे मेडिकल कर्मियों पर लोड और मरीजों की देखभाल की व्यवस्था चरमरा जाएगी।

### प्रबंधन की लापरवाही से अस्पताल में मची अफरा-तफरी



### एक अटेंडेंट पर 3 वार्ड का जिम्मा

वर्तमान में केवल 25 प्रतिशत अटेंडेंटों को बुलाया जा रहा है। एक-एक अटेंडेंट को तीन से चार वार्डों का कार्य सौंप दिया गया है। लेबोरेटरी, फार्मेसी, एक्स-रे सहित अनेक महत्वपूर्ण विभागों से अटेंडेंट हटा दिए गए हैं। निदेशक कार्यालय में भी अटेंडेंटों की संख्या आधी कर दी गई है। इतनी कम संख्या में कर्मचारियों के सहारे अस्पताल चलाना मरीजों की सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ है।सीटू ने बताया कि यह सब सेक्टर-9 अस्पताल को बदनाम कर निजीकरण की ओर धकेलने की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। प्रबंधन तत्काल स्पष्ट करे कि समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

### मरीजों व कर्मियों के हितों की अनदेखी

सीटू यूनियन ने कहा कि सेक्टर 9 अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर, व्हीलचेयर, जांच, वार्ड स्थानांतरण और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने में वार्ड अटेंडेंटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनकी कमी का सीधा असर इलाज की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा पर पड़ रहा है। यह स्थिति अस्पताल की प्रतिष्ठा को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रही है। यूनियन ने प्रबंधन से मांग की है कि तत्काल ठेका कार्य को नियमित किया जाए, आवश्यकतानुसार ठेका अवधि बढ़ाई जाए अथवा नया ठेका तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। सभी अटेंडेंटों को पूर्ववत कार्य पर लगाया जाए तथा अस्पताल की सामान्य व्यवस्था तत्काल बहाल की जाए। यदि प्रबंधन ने शीघ्र समाधान नहीं निकाला तो सीटू अस्पताल, कर्मचारियों और मरीजों के हितों की रक्षा के लिए व्यापक कदम उठाने के लिए बाध्य होगी।

### लंबित वेतन समझौता हो पूर्ण

# बीएसपी कर्मियों और श्रमिकों के वेतन मुद्दों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटक से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



स्टील इम्पलाइज यूनियन (इंटक) के महासचिव और स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीव रेड्डी से मिलकर कर बीएसपी के कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर से चर्चा की। श्री रेड्डी ने सभी समस्याओं के निदान के लिए जल्द ही सेल चेयरमेन से चर्चा करने का आश्वासन दिया।

श्री साहू ने बताया कि बीएसपी कर्मचारियों का 1 जनवरी 2017 से लंबित वेतन समझौता तथा 39 माह का एरियर अब तक लंबित है। उन्होंने आग्रह किया कि सेल प्रबंधन के साथ जल्द एनजेसीएस की बैठक आयोजित कर वेतन समझौते का निराकरण किया जाए। साथ ही 1 जनवरी 2027 से प्रस्तावित नए वेतन समझौते के लिए शीघ्र समिति गठित करने की भी मांग रखी।

- भिलाई इंटक के महासचिव साहू ने कहा वेतन समझौता के लिए जल्द बुलाएं एनजेसीएस बैठक

### बंद हो श्रमिकों की 40 प्रतिशत कटौती

बैठक में बीएसपी में उत्पादन एवं रखरखाव कार्यों में लगे 70 प्रतिशत से अधिक ठेका श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित केंद्रीय न्यूनतम वेतन, सभी लागू भत्तों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। सेल में ठेका श्रमिकों की 40 प्रतिशत की जा रही कटौती पर रोक लगाने पर भी चर्चा की गई।श्री रेड्डी ने आश्वस्त किया कि वे शीघ्र ही सेल चेयरमैन से इस विषय पर चर्चा करेंगे तथा कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# स्कूली छात्र-छात्राओं में ट्रैफिक जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कुरुद स्थित इंदु आईटी स्कूल में किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई। बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन संचालित नहीं करने, हेलमेट, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी गई। ट्रैफिक संकेतों का पालन, निर्धारित गति सीमा का सम्मान,सड़क पर सतर्क, जिम्मेदार व्यवहार अपनाने को लेकर जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से बताया गया कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के किसी भी प्रकार का मोटर वाहन संचालित करना कानूनन प्रतिबंधित है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रुप से उपयोग करना है। निर्धारित गति सीमा का पालन, ट्रैफिक संकेतों संकेतकों का सम्मान, सड़क पर सदैव सतर्कता बरतने को लेकर जागरुक किया गया। कार्यक्रम के दौरान दुर्घटनाओं की रोकथाम में ट्रैफिक नियमों के पालन की महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया।

# शवगृह बेहाल, सुपेला अस्पताल की मरच्युरी में पड़ी दरारें, सीपेज और बदहाल है इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लोगों को अंतिम विदाई देने वाली जगह खुद बदहाली का शिकार है। लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल, सुपेला की मरच्युरी वर्षों से जर्जर हालत में है। संधारण की घोषणा कागजों तक सीमित रह गई है। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में स्थित मरच्युरी की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। बरसात के दिनों में छत और दीवारों से पानी का सीपेज होता है, जबकि शव रखने का चबूतरा भी टूट-फूट चुका है। फर्श की टाइल्स जगह-जगह से उखड़ गई हैं, जिससे मरच्युरी की हालत और भी खराब नजर आती है। शव के साथ आने वाले परिजनों के लिए बैठने तक की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। दुख की घड़ी में घंटों इंतजार करने वाले लोगों को खुले में या इधर-उधर खड़े होकर समय बिताना पड़ता है। मरच्युरी की जर्जर स्थिति को देखते हुए जीवनदीप समिति की बैठक में इसके संधारण के लिए 7 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की गई थी। लेकिन आज तक एक भी काम शुरू नहीं हो सका। हालात जस के तस हैं और घोषणा सिर्फ कागजों तक सिमटकर रह गई है। ज्ञात हो कि अगस्त 2025 के जीवनदीप समिति की बैठक में पोस्टमार्टम भवन के जीर्णोद्धार के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की गई थी। इस राशि से पोस्टमार्टम भवन के मरम्मत के साथ ही परिजनों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करने की बात कही गई थी। इन घोषणाओं पर अब तक कोई काम नहीं हुआ।

- जर्जर चबूतरा, उखड़ी टाइल्स और परिजनों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं





### गांजा के साथ दो आरोपी पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कुकदा रोड कुम्हारी के पास गांजा बेच रहे कुंदरापारा पोटिया पद्मनाभपुर निवासी सूरज कुमार कोसले,सतीश ठाकुर को पकड़ा गया। आरोपी के पास से 4.100 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 20,5000, बाइक,मोबाइल और नगदी रकम 20 हजार जब्त किया गया।



# आयुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई


नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर निर्माणाधीन विकास कार्यों और नागरिक भीसुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने तथा नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रस्तावित नाली निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त करने पर जोर दिया, ताकि जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था निगम की प्राथमिकता है। बालाजी नगर में पाइपलाइन कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान रहवासियों ने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग रखी, निगम आयुक्त जल्द निराकरण हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किये हैं। आवश्यकतानुसार नल (टैब) लगाने कहा गया है, जिससे पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकी जा सके। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### प्रस्तावित कांक्रीट सड़क का अवलोकन

आयुक्त पांडेय ने मिनी माता नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। वहीं वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में प्रस्तावित सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण स्थल का अवलोकन किया। सड़क के जर्जर होने से नागरिकों को हो रही परेशानी को देखते हुए आयुक्त ने शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।



02



स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन में ...

## लाइव इवेंट

## ब्रिटेन के अप्रावासी भारतीय ने आदिवासी समाज के बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री



**भिलाई।** गोंडवाना भवन सिविल लाइन में गोंडवाना समाज ने अच्छी शिक्षा, उच्च शिक्षा को पहली प्राथमिकता बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अप्रवासी भारतीय स्वप्निल चक्रवर्ती ब्रिटेन, समाजसेवी राकेश ठाकुर, ममता आरमो अध्यक्ष, महिला प्रभाग, सेवानिवृत्त अधिकारी जीआर सोरी, गोरेलाल, महावीर ठाकुर समाज प्रमुख और अन्नापूर्णेश्वरी ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि शक्ति बुढ़ा देव की पूजा अर्चना के साथ किया गया। स्वप्निल चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं के बीच आकर उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभावान विद्यार्थी अभियंता एवं डॉक्टर बनने के लिए पढ़ाई कर रहे हैं, जो सराहनीय है। अच्छी शिक्षा से ही परिवार और देश मजबूत होगा। उन्होंने भविष्य में भी शिक्षा के लिए प्रोत्साहन एवं सहयोग का आश्वासन दिया। राकेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षित समाज से ही सशक्त समाज की पहचान होती है। उन्होंने जोर दिया कि छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य में शासन-प्रशासन के माध्यम से ही सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, बल्कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए धरातल पर सेवा कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उपहार के साथ पाठ्य पुस्तक और स्टेशनरी सामग्री वितरित की। ममता आरमो ने बच्चों को बालिका शिक्षा पर जोर देने और नशा मुक्त समाज एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी नेताम ने किया और कुसुम लता ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सागर सिंह मांडवी ,चंदू ध्रुव ,लखन नेताम, मनोज नेताम ,कमल किशोर नागवंशी ,छयांशु ठाकुर, हिना ठाकुर, उषा ठाकुर, ज्योति ध्रुव ,श्यामा ठाकुर, कुमारी संगीता नेताम, भारती ध्रुव, डोमेन्द्र उइके, चंचल, पुष्पा नेताम, योगेश्वरी ठाकुर, होमेश्वरी ठाकुर, दिनेश, राजेश्वरी ठाकुर, कनिष्ठ ठाकुर ,दुष्यंत मरकाम आदि समाजिकजन उपस्थित थे।



● 16 को भगवान प्रजा से मिलने निकलेंगे भ्रमण करने, रथयात्रा के लिए होने लगी तैयारियां

# अणक्षर गृह में स्वास्थ्य लाभ ले रहे महाप्रभु को दशमूलारिष्ठ, काढ़ा और औषधियों का लगा रहे भोग, जल्द ठीक होने भक्त कर रहे प्रार्थना

**भिलाई।** इस चराचर जगत के महाप्रभु जगन्नाथ ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा को अत्यधिक स्नान करने से इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। भगवान को स्वस्थ करने के लिए जगन्नाथ मंदिरों में प्रभु को औषधियुक्त काढ़ा पिलाने की रस्म निभाई जा रही है। 14 जुलाई को नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान स्वस्थ होकर नेत्र खोलेंगे। इसके अगले दिन 16 जुलाई को भगवान अपनी प्रजा से मिलने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करने निकलेंगे। रथयात्रा की तैयारियां शुरू हो चुकी है। ज्येष्ठ पूर्णिमा के बाद से जगन्नाथ मंदिरों के पट बंद हो चुके हैं। श्रद्धालु केवल मंदिर के बाहर ही मत्था टेककर भगवान के स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान के अस्वस्थ होने के दौरान श्रद्धालु हालचाल जानने मंदिर के द्वार तक जाएं तो उन्हें भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**भिलााई।** सेक्टर 6, सेक्टर 4, दुर्ग सहित सभी जगन्नाथ मंदिरों में अलग-अलग दिन काढ़ा पिलाने की रस्म निभाई जा रही है। काढ़ा का प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मान्यतानुसार भगवान जगन्नाथ को लगाए गए काढ़ा का प्रसाद ग्रहण करने पर सालभर तक रोगों से मुक्ति मिलती है। बंद पट के भीतर पुजारी भोग अर्पित करके मंदिर के बाहर प्रतीक्षारत श्रद्धालुओं को काढ़े का प्रसाद वितरित कर रहे हैं। इधर व्यापक पैमाने पर रथयात्रा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

### ज्यादा स्नान करने से बीमार हो जाते हैं भगवान

उड़ीसा के पुरी में परंपरा के अनुसार हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलमद जेठ की गर्मी से व्याकुल होकर अत्यधिक स्नान करने से बीमार पड़ जाते हैं, जिसमें विधि अनुसार 35 कलश के जल से भ्राता बलमढ़, 35 कलश से महाप्रभु, 27 कलश से बहन सुभदा एवं 11 कलश के जल से सुदर्शन को स्नान करने से वे सभी अस्वस्थ हो गए थे। जिसके लिए पुरोहित व औषधाचार्य बाजार से बीमारी के अनुरुप जड़ी-बूटियां को पीसकर औषधियुक्त काढ़ा प्रमु को समय-समय पर दे रहे है।



### प्रभु की डाइट चार्ट अनुसार चल रहा उपचार, लगाया काढ़े का भोग

इन 15 दिनों में अन्न से बना भोग और आहार भगवान को नहीं दिया जा रहा है। उन्हें सेवित करने वाली प्रत्येक वस्तु का समय निर्धारित कर औषधी दी जा रही है। जिसमें उन्हें दशमूलारिष्ट के काढ़े का भोग उपचार के लिए लगाया गया। करीब एक सप्ताह तक उनका अलग-अलग औषधियुक्त काढ़े का भोग लगाकर उपचार किया जाएगा। अनार से बने काढ़े के भोग के साथ ही उन्हें प्रतीकात्मक रूप में मालिश के लिए औषधियों से तैयार तेल भी उनके कक्ष में रखा गया है। औषधियुक्त काढ़ा में आमी हल्दी, सौंठ, कालीमिर्च, जायफल, अजवाइन, करायत आदि औषधि को शुद्ध जल के साथ पीसकर बनाया जा रहा है।

### महाप्रभु अणक्षर गृह में 14 दिनों के लिये बंद

यह बीमारी किसी और को न फैले इसलिए महाप्रभु को क्वांरजटाइन करने अणक्षर गृह (एकांतवास) में रखा गया। इसलिए 14 दिनों तक वे किसी को दर्शन नहीं देंगे। मंदिर में प्रभु का हालचाल जानने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काढ़े व अंकुरित का भोग दिया जा रहा है।

### 14 दिन नहीं देते हैं दर्शन

भगवान के जगन्नाथ के बीमार होने के बाद मंदिर के कपाट 14 दिन बाद खुलते हैं, जिसके बाद भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ 30 जून को बीमार हुए थे। तभी से मंदिर के पट बंद कर उनकी स्वास्थ्य सेवा की जा रही है।

### प्रभू नेत्रोत्सव के बाद जाएंगे मौसी घर

स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। जिससे मंदिर के अगले 14 दिनों तक पट बंद रहेंगे और इसके बाद अगले दिन नेत्रोत्सव की पूजा संपन्न होगी। जिसमें महाप्रभु नौयौवन रुप में भक्तों को दर्शन देंगे और अपने भाई खलमद व बहन सुमना के साथ रथारूद होकर अपनी मौसी के घर घूमने जाएंगे।

### जोर-शोर से चल रही रथयात्रा की तैयारी

देवस्नान के साथ ही रथयात्रा महोत्सव की भी तैयारी शुरू हो गई है। 14 दिन बाद जब महाप्रभु स्वस्थ होंगे। तब नेत्रोत्सव मनाया जाएगा और महाप्रभु भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद निर्धारित तिथि पर रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंडप जाएंगे। वहां पर उनका रोजाना अलग-अलग वेष में श्रृंगार किया जाएगा। सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर समिति के महासचिव सत्यवान नायक ने बताया कि रथ बनाने की तैयारी अक्षय तृतीया से प्रारंभ हो जाती है। लेकिन देव स्नान के बाद रथयात्रा की सभी तैयारियां जोरशोर से की जाती है। मंदिर से निकलने वाले रथ में लगने वाले नए कपड़ो की सिलाई सहित अन्य तैयारियां की जा रही है। रथयात्रा की तैयारी में लगभग 12 से 15 लोग लगे हुए है।



## बीपी-शुगर जांच कर किया ब्लड डोनेट



**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का स्थापना दिवस और प्रखंड दिवस 21 जून से 5 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्ग जिला भिलाई पावर हाउस में शरबत वितरण और निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बीपी, शुगर जांच एवं ब्लड डोनेट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विभागीय उपाध्यक्ष मनोज साव एवं दुर्ग जिला महामंत्री व मीडिया प्रभारी विजय कुमार उइके रहे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण राव, प्रदेश महामंत्री महेंद्र साव, संगठन मंत्री राहुल वाडिया, हिंदू हेल्पलाइन अध्यक्ष हेमंत साहू, महामंत्री मुकेश चक्रधारी, मंत्री नागेश्वर साहू, प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर, विभाग अध्यक्ष राजा केमे और एएचपी दुर्ग जिला अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत, गणवेश-पाठ्य पुस्तकों का वितरण





**भिलाई-ननकट्ठी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा के प्रांगण में संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच भुवनेश्वरी कुर्रे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरि ओम कुंभकार, सदस्य, पालक, प्राचार्य किरण साहू, शाला की प्रधान पाठक संध्या सेंगर, संकुल समन्वयक आनंद कुमार तिवारी, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्वेता ठाकुर सहित समस्त शिक्षक और बालक-बालिकाएं उपस्थित थे। कक्षा पहली एवं छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों को निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया गया। अतिथियों ने बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

## 5 जुलाई को होगा संगीत मिलन और सम्मान समारोह





**भिलाई।** कोशिश स्टार म्यूजिकल एवं सोशल ग्रुप दुर्ग के तत्वावधान में रविवार को संगीत मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक लोक कला भवन, सिविल लाइन, कसारीडीह दुर्ग में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह में पास्ट मल्टीपल प्रेसिडेंट, ऑल इंडिया लीनेस क्लब लीनेस मृदुला रोजिन्दार और ऑल इंडिया लीनेस ऑर्गनाइजेशन की प्रांतीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लीनेस रश्मि अग्रवाल को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संगीता मिश्रा शामिल होंगी। आयोजकों ने सभी संगीत प्रेमियों और शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है। ग्रुप के अध्यक्ष जाहिद अली, संरक्षक कैलाश जैन बारमेचा और सलाहकार बी डी निजामी ने बताया कि समारोह का उद्देश्य संगीत के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को जोड़ना है।

## लाइव इवेंट

## 73 सदस्यों को मिला डिस्टिंग्विश्ड रिकग्निशन अवॉर्ड, 500 स्माइल्स एंड साइट्स प्रोजेक्ट को मिली स्वीकृति




**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल ने रोटरी वर्ष 2025-26 का समापन किंड्रेड सोल सिस्टर अवॉर्ड समारोह के माध्यम से किया। यह समारोह पूरे वर्ष क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों एवं प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने में अमूल्य योगदान देने वाले उन सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को समर्पित किया गया था। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन पूर्वा रोजिंदार, सचिव रोटेरियन मधुलिका अग्रवाल एवं उनकी कोर टीम ने कुल 73 व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं क्लब के सफल संचालन में विशेष सहयोग के लिए डिस्टिंग्विश्ड रिकग्निशन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह के दौरान क्लब ने अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की भी घोषणा की। क्लब के ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट 500 स्माइल्स एंड 500 साइट्स को आधिकारिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस महत्वाकांक्षी सेवा परियोजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर एवं बीपीएल वर्ग के 500 जरूरतमंद मरीजों की फोल्डेबल लेंस मोतियाबिंद सर्जरी पूरी तरह से निशुल्क कराई जाएगी। ये सभी ऑपरेशन अरविंदो हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे, जिससे सैकड़ों लोगों के जीवन में फिर से उजाला लौटेगा। सेवा, सम्मान और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से ओत-प्रोत यह समारोह रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल के सफल, प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी वर्ष का यादगार समापन रहा। इस दौरान क्लब के सभी सदस्य प्रमुख रुप से उपस्थित थे।



## केंद्रीय विद्यालय बीएमवाई, चरोदा की प्राचार्य प्रभा मिंज बनीं सहायक आयुक्त, मुंबई संभाग को संभालेंगी कमान

कार्नर न्यूज

# शिक्षा में वज्र जैसी दृढ़ता और पुष्प जैसी संवेदनशीलता का समन्वय ही सच्चे नेतृत्व की पहचान, केवी प्राचार्य सहायक आयुक्त पद पर पदोन्नत

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बीएमवाई चरोदा की प्राचार्य प्रभा मिंज के सहायक आयुक्त पद पर पदोन्नत होकर मुंबई संभाग में नियुक्त होने पर विद्यालय परिसर में विदाई समारोह हुआ। शिक्षा जगत में नए अध्याय की शुरुआत करते हुए प्रभा मिंज को मुंबई संभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। समारोह में केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ, रायपुर संभाग अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गिरी एवं महासचिव डॉ. अजय आर्य ने शाल, श्रीफल व स्मृति-चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। डॉ. अजय आर्य ने कहा कि शिक्षा में वज्र जैसी दृढ़ता और पुष्प जैसी संवेदनशीलता का समन्वय ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है। उन्होंने महाकवि भवभूति का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रशासक में अनुशासन व दृढ़ता के साथ संवेदनशीलता भी जरूरी है। शैलेंद्र कुमार गिरी ने कहा दुआओं में इतनी ताकत होती है कि बंद रास्तों को भी मंज़िल बना देती है। भारती यदु ने प्रभा मिंज के कार्यकाल को अनुशासन, समर्पण और मानवीय मूल्यों का उदाहरण बताया। संचालन करते हुए रोशनी चंद्राकर ने कहा कि सेवा का भाव हो तो पहचान नहीं बदलती। पिंकी सिंह ने कहा कि उनकी कार्यनिष्ठा सदैव प्रेरणा रहेगी। प्रभा मिंज ने कहा कि यह पदोन्नति विद्यालय परिवार के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। चरोदा में बिताया समय अमूल्य धरोहर है। उन्होंने




गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में आर. पी. सेहमी, फ़रहाना खान, जे. के. चौधरी, एलिज़ाबेथ, दीपिका प्रधान, मनीषा के. आर., जे. ए. खान, दिव्या परमार, अपर्णा, के. नायक, कमल साहू, शालू, लीला सिंह, मीना गुप्ता, एलिज़ाबेथ मैथ्यू, श्यामा वर्मा, सुषमा नायक, शिवम कुमार, बी. रविंद्र कुमार, सरला उइके, अंकिता, रोहित व प्रवीण सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

**शिक्षा में वज्र जैसी दृढ़ता और पुष्प जैसी संवेदनशीलता का समन्वय ही सच्चे नेतृत्व की पहचान है' — डॉ. अजय आर्य**

भिलाई पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बीएमवाई, चरोदा की प्राचार्य प्रभा मिंज के सहायक आयुक्त पद पर पदोन्नत होकर मुंबई संभाग में नियुक्त होने के अवसर पर विद्यालय परिसर में गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके सफल कार्यकाल, दूरदर्शी नेतृत्व तथा शिक्षा के प्रति समर्पण को स्मरण करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय प्रगतिशील शिक्षक संघ, रायपुर संभाग के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार गिरी एवं महासचिव डॉ. अजय आर्य ने संघ की ओर से प्रभा मिंज का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। दोनों पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रभा मिंज अपने अनुभव, प्रशासनिक दक्षता एवं नेतृत्व क्षमता के बल पर मुंबई संभाग में भी संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। शैलेंद्र कुमार गिरी ने कहा दुआओं में इतनी ताकत होती है कि बंद रास्तों को भी मंज़िल बना देती है। सच्चे मन से निकली हर प्रार्थना ईश्वर तक पहुँच ही जाती है। अपने प्रेरक उद्बोधन में डॉ. अजय आर्य ने महाकवि भवभूति के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व में वज्र जैसी कठोरता और पुष्प जैसी कोमलता का अद्भुत समन्वय था। यही संतुलन एक आदर्श शिक्षक और कुशल प्रशासक की सबसे बड़ी पहचान है।



सिटी इवेंट

## राज मानस व्याख्यान के प्रशिक्षण में आचार्य हरीश हुए शामिल





**दुर्ग।** राज मानस संघ द्वारा राज्य स्तरीय तीन दिवसीय व्याख्यान प्रशिक्षण मंथन कार्यशाला का आयोजन साहू सदन रुद्री रोड में किया गया। छत्तीसगढ़ के 16 जिलों से व्याख्याकार इसमें शामिल हुए। दुर्ग के अलावा रायपुर, राजनांदगांव, बालोद, गरियाबंद, धमतरी और ओडिशा के 235 व्याख्याकार प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। दुर्ग से प्रतिनिधित्व उरला से आचार्य हरीश ने किया। संघ के अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी ने कहा कि आचार्य हरीश किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। हर कला में दक्ष हैं। सभी क्षेत्र में अग्रणी हैं। बेटियों के सुरक्षा के लिए कराते भी सीखते हैं। धर्म सनातन रक्षा के लिए मानस का प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं। प्रशिक्षक आचार्य महेंद्र साहू ने कहा कि आचार्य हरीश बहुत ही सरल सहज व्यक्तित्व के धनी हैं। कार्यक्रम में संरक्षक सियाराम साहू, डोमार साहिब दादरा, शिवदयाल साहू, कोदुराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, सचिव जेएल देवांगन, कोषाध्यक्ष दानीराम साहू, आचार्य महेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, लोकेश्वर साहू, प्यारेलाल साहू, भूषण चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

धर्म लाइव

## कबीर जयंती पर हुए कार्यक्रम किया गया शरबत का वितरण



**दुर्ग।** मानिकपुरी पनिका समाज आशा नगर द्वारा कबीर जयंती प्राकट्य दिवस धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ श्री श्री सदगुरु कबीर साहब सत्संग भवन आशा नगर में मनाया गया। इस अवसर पर भजन, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात ग्रंथ पाठ प्रवचन हुआ। कार्यक्रम में नागरिक, जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। पूर्व विधायक अरुण वोरा एवं महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर आरएन वर्मा एवं पार्षद अरुण सिंग, नव दृष्टि फाउंडेशन दुर्ग भिलाई वह मानव सेवा समिति भिलाई के पदाधिकारी सभी का स्वागत मोमेंटो भेंटकर किया गया। संध्या कालीन कार्यक्रम में सात्विक चौका, आरती महंत आरती दास द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर पदाधिकारियों में कल्याण दास, कमल दास, दीपक दास, विभीषण दास, भोला दास, मुक्तावन दास, ज्ञानदास, सियाराम सहित अन्य उपस्थित रहे।



स्पोर्ट्स इवेंट

## अंडर 19 एवं अंडर 13 जिला शतरंज चैंपियनशिप 4 को



**दुर्ग।** जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित स्मृति नगर भिलाई के सहयोग से स्वामी विवेकानंद भवन स्मृति नगर में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 19 एवं अंडर 13 शतरंज चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार 4 जुलाई को प्रातः 10 बजे महापौर नीरज पाल के मुख्य आतिथ्य एवं स्मृति नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के अध्यक्ष राजीव चौबे की अध्यक्षता में किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, शतरंज प्रशिक्षक सुरेंद्र बल्लेवार एवं स्मृति नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि स्पर्धा 6 चक्रों में अंतर्राष्ट्रीय नियमों के आधार पर खेली जाएगी। प्रविष्टि के आधार पर चक्रों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है। अंडर 19 में 4 बालक एवं 4 बालिकाओं का चयन तथा अंडर 13 में 2 बालक एवं 2 बालिकाओं का चयन आगामी राज्य शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। ये सभी चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य चैम्पियनशिप में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मोमेंटो एवं भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं सहायक के रूप में फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। संघ के दिनेश जैन, ललित वर्मा, दिनेश नालोडे, मोरध्वज चंद्राकर, एस के भगत, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, गुलाब चौहान, दिव्यांशु उपाध्याय आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

वरिष्ठ नागरिक महासंघ ने नेशनल डॉक्टर्स डे पर विशेषज्ञ चिकित्सकों का किया सम्मान

# स्वस्थ और सम्मानपूर्ण जीवन में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण, डॉक्टर्स और सैनिक हुए सम्मानित

भिलाई। भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के तत्वावधान में नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक समारोह में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सकों को समाज के प्रति उनके उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण और मानवीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि समाज को स्वस्थ, सुरक्षित एवं खुशहाल जीवन प्रदान करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण, समय पर उपचार तथा मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण चिकित्सा सेवा में डॉक्टरों का योगदान अत्यंत प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है। ऐसे समर्पित चिकित्सकों का सम्मान करना उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। समारोह में सम्मानित होने वाले विशेषज्ञों में डॉ श्रीरंजन राव रेडियोलॉजी, डॉ सुमन राव नेफ्रोलॉजी, डॉ असित नायक कार्डियो एण्ड एनेस्थीसिया, डॉ सुषमा नायक पिडियाट्रिक्स, डॉ स्मिता पटेल मेडिसीन, डॉ यामिनी नायक, डॉ अनय नायक शामिल हैं।



### उचित परामर्श एवं अच्छे पैरेन्टिंग पर टिप्स

इस अवसर पर सम्मानित चिकित्सकों ने इस सम्मान के लिए भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठजनों की सेवा करना उनके लिए केवल दायित्व नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का विषय है। अच्छा स्वास्थ्य एवं जीवन शैली नवजात शिशु से लेकर वयोवृद्ध सबके लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने लोगों के द्वारा पूछे गए समस्याओं पर उचित परामर्श एवं अच्छे पैरेन्टिंग पर टिप्स भी दिए। इस अवसर पर दिनेश कुमार गुप्ता, लोचन प्रसाद नायक, कुसुम नायक, सुमन देवांगन, हिमांशु देवांगन, कल्पना देवांगन, देवी प्रसाद नायक, प्रताप नायक, दिलीप नायक, जयंती नायक, विमल वर्मा, भुवनेश्वर वर्मा, भास्कर वर्मा आदि सहित महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य, वरिष्ठ नागरिक तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने सम्मानित चिकित्सकों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल चिकित्सा जीवन की कामना की।



### डॉक्टर के साथ सैनिक हुए सम्मानित



लीनेस क्लब भिलाई द्वारा डाक्टर्स डे सेलिब्रेशन किया गया। जिसमें डॉक्टर्स को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन कर की गई। जिसके बाद डाक्टर को गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया गया साथ ही ऑल इंडिया प्रोजेक्ट के तहत पूर्व सैनिकों को भी आमंत्रित किया गया और भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डाक्टर्स और सैनिकों द्वारा अपने संस्मरण व्यक्त किये गए। अंत में सदस्यों द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे भी लगाये गए। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ मंजू तिवारी, प्रिया रस्तोगी, तृप्ता कैंबो, नूतन गंधोक, गीता मिश्रा, करुणा बंसल, नीता गुप्ता, अरुणा लिंगाला, पूनम आहूजा, स्नेहा शर्मा, संगीता ककुरा, सुषमा रंधावा, सिम्मी छाजेड़ आदि सदस्य उपस्थित थे।



### एसआर हॉस्पिटल चिखली दुर्ग में मनाया गया डॉक्टर्स डे

दुर्ग। दुर्ग के चिखली स्थित एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे मनाया गया। अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टरों और स्टाफ को सम्मानित किया गया। यह आयोजन समाज में डॉक्टरों के अद्वितीय योगदान, त्याग और सेवा भावना के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से किया गया था। एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी ने कहा कि डॉक्टर समाज के लिए सेवा, समर्पण और मानवता के प्रतीक हैं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी डॉक्टर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लोगों के जीवन की रक्षा करते हैं। इसलिए उनका सम्मान करना पूरे समाज का दायित्व है। कार्डियोलॉजी सर्जन डॉ. रंजन सेन गुप्ता ने कहा कि आज का दिन सभी के लिए महत्वपूर्ण है। 1 जुलाई को डॉ. बीसी राय का जन्मदिन है जिसे चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जनरल मेडिसिन डॉ. केके जैन व जनरल सर्जन डॉ. वाईके शर्मा, व डॉ. वनश्री सिन्हा ने कहा कि डॉक्टर्स डे ये भी संदेश देता है कि जिस तरह डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रुप मानते है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के मेडीकल सुप्रीटेन्डेन्ट डॉ. रंजन सेन गुप्ता कार्डियोलॉजी सर्जन डॉ. केके जैन, डॉ. वाईके शर्मा,डॉ. वनश्री सिन्हा को एसआर हॉस्पिटल एण्ड कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी के द्वारा स्मृति चिह्न, उपहार और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. दीपा मिश्रा, डॉ. ममता साहू, डॉ. सुमित सोनी, डॉ. बलिराम रॉय, डॉ. अश्वनी शुक्ला इन्हीं के साथ अस्पताल में बेहतर प्रदर्शन करने पर अन्य विभाग से अभिषेक रिछारिया सीनियर अकाउंटेंट,प्रेम चंद्राकर नेत्र विभाग सहायक, प्रियेश मिश्रा आयुष्मान इंचार्ज,जगजीत नारायण पांडेय मैनेजिंग डायरेक्टर, सीमा बरहरे, तनुजा साहू को भी सम्मानित किया गया।

गणेश पंडाल में हुआ आयोजन

## सेक्टर-2 में बिना आग-तेल के सलाद स्पर्धा महिला सशक्तीकरण पर भी दिया गया जोर



**भिलाई।** सेक्टर-2 वार्ड 56 स्थित गणेश पंडाल में रंगोली एवं पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिना तेल एवं आग के बनने वाली पाक कला यानी सलाद प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही। महिलाओं को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पुरब मंडल द्वारा आयोजित रंगोली एवं पाक कला प्रतियोगिता कार्यक्रम छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश पर, जिला भिलाई महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के मार्गदर्शन में पुरब मंडल अध्यक्ष श्यामा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना, नारी सशक्तिकरण योजना, महतारी वंदन योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने सामाजिक सुरक्षा सुधार और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा पर जोर देते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं का संदेश दिया। इस अवसर पर पुरब मंडल अध्यक्ष श्यामा सिंह, महामंत्री संध्या राजपूत, उपाध्यक्ष उषा क्षीरसागर, कोषाध्यक्ष यशोदा साहू, मंत्री ज्योति सोनी, मंत्री एम दमयंती साहू, पुरब मंडल मीडिया प्रभारी प्रमुख पूजा गोयल, रेखा चव्हाण साहू, श्रीराम जन्मोत्सव समिति की महिला अध्यक्ष शीला वाघमारे, जिला महामंत्री निर्मला नायडू सहित भाजपा महिला मोर्चा की समस्त महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। भाजपा महिला मोर्चा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया गया।

सुखमनी साहिब का पाठ

## आज से 40 शुक्रवार तक चलेगा शुकराना महोत्सव



**भिलाई।** भारत देश के झूलेलाल मंदिरों में पहली बार शुकराना महोत्सव का आयोजन साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में किया जा रहा है। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल एवं साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन 3 जुलाई शुक्रवार से शुरू होकर लगातार 40 शुक्रवार तक चलेगा और 2 अप्रैल 2027 को झूलेलाल जयंती पर समापन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 3 जुलाई को शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक सुखमनी साहिब के पाठ से होगी। इसके बाद भागवत के एक पाठ का वाचन, साईं झूलेलाल की आरती, अरदास एवं पल्लव के साथ भजनों से भक्ति रस में सराबोर कार्यक्रम होगा। सिंधी समाज के कुल देवता साईं झूलेलाल द्वारा दी गई रहमतों और पावन आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी। विश्व कल्याण की अरदास भी होगी। शुकराना महोत्सव में प्रथम शुकराना 84 लाख योनियों के बाद अमोलक मानव जीवन के लिए साईं झूलेलाल के प्रति अर्पित किया जाएगा। समाज की एकता एवं अखंडता के लिए अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कृष्णानी एवं महिला अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से उपस्थित होने की अपील की है। समापन पर प्रसाद का वितरण होगा।

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित हुए शिक्षक

# छग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के ऐतिहासिक घटनाओं और जनश्रुतियों पर किया अध्ययन, शिक्षक पंकज हुए सम्मानित

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आजादी का अमृत महोत्सव की डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी परियोजना में उत्कृष्ट शोध एवं दस्तावेजीकरण के लिए शिक्षक पंकज सिंह राजपूत को राष्ट्रीय सम्मान मिला। छत्तीसगढ़ से चयनित पंकज सिंह सहित तीनों शिक्षक दुर्ग जिले के, गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सम्मान दिया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित डिजिटल डिस्ट्रिक्ट रिपॉजिटरी परियोजना के राष्ट्रीय सम्मान समारोह में दुर्ग जिले के शिक्षक पंकज सिंह राजपूत को स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों के इतिहास के शोध, संकलन एवं डिजिटल दस्तावेजीकरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।विशेष उपलब्धि यह रही कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से राष्ट्रीय सम्मान के लिए केवल तीन शिक्षकों का चयन किया गया और तीनों शिक्षक दुर्ग जिले से हैं।

### सांस्कृतिक धरोंहरों पर किया अध्ययन

परियोजना के अंतर्गत पंकज सिंह राजपूत ने छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, ऐतिहासिक घटनाओं, स्थानीय इतिहास, सांस्कृतिक धरोहरों एवं जनश्रुतियों पर व्यापक अध्ययन किया। उन्होंने अनेक दुर्लभ तथ्यों का संकलन कर उनका दस्तावेजीकरण किया तथा प्रमाणित शोध सामग्री संस्कृति मंत्रालय को उपलब्ध कराई। विशेषज्ञों द्वारा सत्यापन के पश्चात इन प्रविष्टियों को संस्कृति मंत्रालय के आधिकारिक डिजिटल पोर्टल पर संरक्षित किया गया, जिससे देश की अमूल्य ऐतिहासिक धरोहर भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित हो सकी।






**1470 से अधिक ऐतिहासिक प्रविष्टियों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान :** इस राष्ट्रीय परियोजना में छत्तीसगढ़ के चयनित शिक्षकों के संयुक्त प्रयासों से लगभग 1470 स्वतंत्रता सेनानियों, ऐतिहासिक घटनाओं, स्थलों एवं संघर्ष गाथाओं का संकलन एवं दस्तावेजीकरण किया गया। इनमें से लगभग 1032 प्रमाणित प्रविष्टियां संस्कृति मंत्रालय के डिजिटल पोर्टल पर प्रकाशित एवं संरक्षित की गईं।

### गुमनाम नायकों की खोज बनी जीवन का अविस्मरणीय अनुभव

पंकज सिंह राजपूत ने बताया कि इस परियोजना के दौरान गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की खोज केवल शोध कार्य नहीं, बल्कि एक अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक यात्रा रही। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों से मुलाकात की, पुराने अभिलेखों एवं सरकारी दस्तावेजों का अध्ययन किया, स्थानीय इतिहासकारों और वरिष्ठ नागरिकों से विस्तृत चर्चा की तथा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त तथ्यों का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में अनेक ऐसे स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी सामने आई जिनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की गाथाएँ समय के साथ इतिहास के पन्नों में दब गई थीं। उन्हें पुनः राष्ट्रीय पहचान दिलाना उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है।

**कई चुनौतियों के बीच पूरा हुआ शोध :** शोध कार्य के दौरान अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर प्रमाणिक अभिलेख उपलब्ध नहीं थे, सरकारी रिकॉर्ड और स्थानीय जनश्रुतियों में अंतर था, पुराने दस्तावेज नष्ट हो चुके थे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मौखिक इतिहास के आधार पर तथ्यों का सत्यापन करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद धैर्य, समर्पण और निरंतर शोध के माध्यम से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों का सफलतापूर्वक डिजिटल संरक्षण किया गया।

हेल्थ टिप्स

## कम पानी पीने से हो सकता है किडनी स्टोन



किडनी स्टोन, दैनिक आहार में गड़बड़ी के कारण होने वाली समस्या है, साल 2025 के आंकड़ों के अनुसार करीब एक करोड़ से ज्यादा लोगों में इस साल समस्या का निदान किया गया। किडनी स्टोन, किडनी में मिनरल्स और सॉल्ट एकत्रित होने के कारण होने वाली समस्या है, जो काफी दर्दकारक और असहज स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन होने के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें आहार में गड़बड़ी, शरीर का वजन बढ़ना, कुछ चिकित्सीय स्थितियां और कम पानी पीना प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी की पथरी आपके मूत्र पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है। हमारी किडनी स्वाभाविक रूप से तरल पदार्थों को फिल्टर करती रहती है हालांकि कुछ तत्वों की अधिकता के कारण क्रिस्टल निर्मित होने लगते हैं जिसके कारण आपको किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।

### कम पानी पीते हैं तो हो सकता है खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, किडनी में स्टोन



बनना सीधे तौर पर तरल पदार्थों या शरीर में पानी की कमी से जुड़ा हुआ है। यह गुर्दे की पथरी बनने के सबसे आम कारणों में से एक है। कम तरल पदार्थों के सेवन से मूत्र का निर्माण कम होता है जिसके कारण मूत्र गाढ़ा होने लगता है। इससे किडनी में स्टोन बनाने वाले पदार्थों की अधिकता हो सकती है।

यदि किडनी की पथरी आपके मूत्रमार्ग में फंस जाती है, तो यह मूत्र के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकती है जिससे किडनी में सूजन और कई गंभीर प्रकार की समस्याओं का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि पानी की कमी के अलावा और किन कारणों से किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है? चीजों के सेवन को लेकर भी बरतें सावधानी

आहार में कुछ प्रकार की चीजें या फिर प्रोटीन, सोडियम (नमक) और चीनी से भरपूर चीजों का अधिक मात्रा में सेवन करना भी किडनी की पथरी का खतरा बढ़ा सकता है। अधिक मात्रा में सोडियम वाले आहार के कारण जोखिम अधिक हो सकता है। पालक, बैंगन जैसे ऑक्सालेट से भरपूर अधिकांश खाद्य पदार्थों के अलावा कुछ प्रकार के सप्लीमेंट्स के कारण भी किडनी में स्टोन की समस्या होने का जोखिम बढ़ सकता है।

### मोटापे के शिकार हैं तो भी खतरा

अधिक वजन को पहले भी कई प्रकार की समस्याओं जैसे हृदय रोग, डायबिटीज और अन्य क्रोनिक बीमारियों से जोड़कर देखा जाता रहा है, ये किडनी में स्टोन की समस्या को भी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई), कमर पर अधिक चर्बी होने की समस्या भी किडनी में स्टोन बनने का कारण हो सकती है। वजन कंट्रोल करना आपको कई तरह की बीमारियों से बचाने में सहायक हो सकती है।



रात में चैन की नींद के लिए काम आएगी एक तकनीक

# करवटें बदलते बीतती है रात और नहीं आती नींद, कुछ सरल उपाय करेंगे तो मिलेगा सुकून

अगर आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें रात-रातभर नींद नहीं आती है तो ये लेख आपके काम का है। यहां हम आपको एक ऐसी तकनीक के बारे में बताएंगे, जिसको ट्राई करने के बाद आपको 5 मिनट में नींद आ जाएगी। आज की तेज़ और तनावभरी जीवनशैली में अनिद्रा एक आम समस्या बनती जा रही है। बहुत से लोग रात में बिस्तर पर लेटने के बाद भी घंटों करवटें बदलते रहते हैं और उन्हें नींद नहीं आती। इसका मुख्य कारण तनाव, चिंता, मोबाइल का अधिक इस्तेमाल और अनियमित दिनचर्या होता है। नींद पूरी न होने से न केवल शरीर थक जाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और एकाग्रता पर भी असर पड़ता है।

ऐसे में एक आसान और प्रभावी तकनीक 4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक काफी मददगार साबित हो सकती है। यह एक वैज्ञानिक श्वास अभ्यास है जिसको सही तरीके से करने पर व्यक्ति कुछ ही मिनटों में गहरी नींद में जा सकता है। आइए जानते हैं यह तकनीक क्या है और कैसे काम करती है।

### क्या है 4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक?

4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक एक सरल लेकिन प्रभावी श्वास अभ्यास है जिसे डॉक्टर एंड्रयू वेइल ने लोकप्रिय बनाया। इसमें



सांस लेने और छोड़ने का एक विशेष पैटर्न होता है जो नर्वस सिस्टम को शांत करता है।

### कैसे करें 4-7-8 तकनीक

आराम से बैठें या लेट जाएं। नाक से 4 सेकंड तक धीरे-धीरे सांस लें। सांस को 7 सेकंड तक रोककर रखें।फिर 8 सेकंड में धीरे-धीरे मुंह से सांस छोड़ें। इस प्रक्रिया को 4-5 बार दोहराएं।

### कम होती है तनाव और चिंता



4-7-8 ब्रीदिंग तकनीक शरीर के नर्वस सिस्टम को शांत करने में मदद करती है। जब आप धीमी और नियंत्रित सांस लेते हैं, तो दिमाग में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन (कॉर्टिसोल) का स्तर कम होने लगता है। इससे चिंता, घबराहट और मानसिक दबाव धीरे-धीरे कम हो जाता है और मन शांत महसूस करता है।

### शांत होता है दिमाग

यह तकनीक दिमाग को वर्तमान क्षण पर फोकस करने में मदद करती है। लगातार सांस पर ध्यान देने से ओवरथिंकिंग और नेगेटिव विचार कम होते हैं। इससे मानसिक शांति मिलती है और ब्रेन रिलैक्स अवस्था में चला जाता है, जो अच्छी नींद के लिए जरूरी है।

### नियंत्रित होता है हार्ट रेट

धीमी और गहरी सांस लेने से शरीर का पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम सक्रिय होता है, जिससे दिल की धड़कन सामान्य हो जाती है। यह तकनीक हार्ट रेट को संतुलित करती है और शरीर को "रिलैक्स मोड"



में ले जाती है, जिससे नींद आने में आसानी होती है।

### मदद मिलती है नींद जल्दी आने में

इस तकनीक के दौरान शरीर धीरे-धीरे रिलैक्स होता है और ब्रेन स्लीप मोड में प्रवेश करता है। इससे बिस्तर पर लेटते ही लंबे समय तक करवटें बदलने की समस्या कम होती है और व्यक्ति कुछ ही मिनटों में नींद महसूस करने लगता है।

### राहत मिलती है अनिद्रा में

जो लोग लंबे समय से नींद की समस्या से परेशान हैं, उनके लिए यह तकनीक काफी फायदेमंद हो सकती है। नियमित अभ्यास करने से स्लीप साइकिल बेहतर होती है और नींद की गुणवत्ता भी सुधरती है। यह बिना दवा के प्राकृतिक रूप से नींद सुधारने में मदद करती है।

## लॉकर के आसपास नहीं रखनी चाहिए ऐसी चीजें, रूठ जाती हैं लक्ष्मी मां

हम सभी अपने घर व ऑफिस में पैसे रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करते हैं। पैसे हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम है और इसलिए इन्हें सुरक्षित तरह से रखने के लिए तिजोरी का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। जब तिजोरी या उसके आसपास की जगह का खास ध्यान रखा जाता है तो इससे लक्ष्मी माता काफी प्रसन्न होती है। चूंकि तिजोरी का संबंध धन व देवी लक्ष्मी से है, इसलिए आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए। कई बार हम अनजाने में तिजोरी के आसपास ऐसी कई चीजें रख देते हैं, जिससे उस स्थान पर नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। इससे लक्ष्मी मां रूठ जाती है और व्यक्ति को धन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको तिजोरी के आसपास किन-किन चीजों को नहीं रखना चाहिए-

### फटी-पुरानी किताबें ना रखें

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें किताबें व नॉवल पढ़ने का शौक होता है। लेकिन वे अक्सर पढ़ने के बाद उन किताबों को तिजोरी के पास ही रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। दरअसल, किताबों में तरह-तरह के विषय और तस्वीरें होती हैं, जो कभी-कभी नेगेटिविटी क्रिएट करती हैं। इसलिए, तिजोरी के आसपास फटी-पुरानी किताबें नहीं रखनी चाहिए।

### ना रखें झाड़ू

कभी-कभी हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन तिजोरी के आसपास झाड़ू रख देते हैं। लेकिन तिजोरी के आसपास किसी तरह का कूड़ा-कचरा या झाड़ू नहीं



होना चाहिए। दरअसल, इस तरह की गंदगी से लक्ष्मी मां रूठ जाती है। कोशिश करें कि आप झाड़ू के (झाड़ू के वास्तु टिप्स) अलावा पुराने कपड़े या अन्य कोई भी बेकार सामान वहां पर ना हो।

### ना रखें कोर्ट के कागज

यह भी हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आप तिजोरी के अंदर या उसके आसपास किसी तरह के कोर्ट कचहरी से जुड़े कागज नहीं रखने चाहिए। कुछ लोग यह सोचकर कोर्ट के कागज वहां पर रख देते हैं, कि वे वहां पर सुरक्षित रहेंगे। जबकि यह वास्तव में बहुत बड़ी गलती होती है। अगर आप कोर्ट के कागज तिजोरी में रखते हैं तो इसका अर्थ यह होता कि आपका सारा पैसा कोर्ट के केस में ही खर्च हो जाए। बेहतर होगा कि आप उन्हें अलग से अलमारी में रखें।

कई बार ऐसा होता है कि हम अपनी तिजोरी (तिजोरी में रखें हल्दी की गांठ रखने के फायदे) किसी टेबल पर रखते हैं और जब उसमें अतिरिक्त जगह होती है तो हम अपना बेकार का सामान वहां पर रख देते हैं।

## जानिए वास्तु अनुसार बेड के सिरहाने क्या रखें और क्या नहीं



बेड के सिरहाने पर हम बिना सोचे-समझे कुछ भी रख देते हैं। लेकिन अगर वास्तु के अनुसार चीजों को चुना जाए, तो इससे आपके पूरे जीवन में सकारात्मकता आती है।

बेडरूम घर का एक बेहद अहम हिस्सा होता है। जब हम बेड पर सोते हैं और एक अच्छी नींद लेते हैं तो इससे हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। हालांकि, कई लोगों को रात में ठीक तरह से नींद नहीं आती है। वे चाहकर भी अच्छी तरह से सो नहीं पाते हैं। जिससे उनकी रात ही नहीं, पूरा दिन भी खराब हो जाता है। कई बार आपको ठीक तरह से नींद ना आने के पीछे की मुख्य वजह आपके बेडसाइड में रखी चीजें भी हो सकती हैं।

अक्सर लोग अपनी सुविधा के अनुसार बेड के सिरहाने पर सामान रखते हैं या फिर यूं ही कभी-कभी कुछ भी रख देते हैं। लेकिन इससे भी आपके कमरे का वास्तु खराब होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप बेडसाइड में रखे सामान पर भी उतना ही ध्यान दें। वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज बता रहे हैं कि बेड साइड पर क्या रखना चाहिए और क्या नहीं-

### ना हो कूड़ा-कचरा

कई बार लोग बेड के साइड व पीछे की सफाई नहीं करते हैं। जिससे वहां पर गंदगी जमा हो जाती है। अक्सर लोग कई महीनों में वहां की सफाई करते हैं, लेकिन ऐसा करने से उस स्थान में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। अगर आपके बेड साइड या पीछे गंदगी होती है तो इससे आपको अच्छे सपने नहीं आते हैं। बल्कि कई तरह के बुरे सपनों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।



## पेट की चर्बी को कम करने अपनाएं आयुर्वेदिक उपाय

पेट की चर्बी से आज के वक्त में काफी महिलाएं परेशान हैं। कई बार सही डाइट, एक्सरसाइज और भी कई कोशिशों के बाद पेट की जिद्दी चर्बी टस से मस नहीं होती है। जंक और अनहेल्दी फूड से दूरी बनाने से लेकर डाइट में हेल्दी और पौष्टिक चीजों को शामिल करने तक, अगर आप सब जतन कर चुके हैं, लेकिन आपका बेली फैट कम नहीं हो रहा है, तो आपको कुछ आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए।

बता दें कि आयुर्वेद इंसान के शरीर की प्रकृति के हिसाब से बेली फैट को कम करने में मदद करता है। बेली फैट का शरीर में मौजूद तीनों दोषों से क्या कनेक्शन है, बेली फैट को कम करने के लिए किन आयुर्वेदिक टिप्स की मदद लेनी चाहिए, इस बारे में डॉक्टर शिखा शर्मा से जानते हैं। डॉक्टर शर्मा ने दिल्ली से पढ़ाई की है। वैदिक और मॉर्डन न्यूट्रिशन को फॉलो कर वह लोगों को सही डाइट चुनने और हेल्दी रहने में मदद करती हैं।

### आयुर्वेद के अनुसार बेली फैट का कारण

बेली फैट के पीछे कई वजहे हो सकती हैं। अगर बात



आयुर्वेद की करें, तो आयुर्वेद चिकित्सा का पूरा सिध्दान्त, शरीर में मौजूद तीन दोषों वात, पित्त और कफ के संतुलन पर निर्भर करता है। इनमें असंतुलन होने पर शरीर को कई बीमारियां घेर लेती हैं। अगर शरीर में कफ दोष बढ़ जाता है, तो यह मोटापे के कारण होता है। अगर आप जरूरत से ज्यादा मीठा, नमकीन खाती हैं और लाइफस्टाइल सही नहीं है, तो इससे कफ दोष असंतुलित हो जाता है और बेली फैट बढ़ जाता है।

### बेली फैट को कम करने के आयुर्वेदिक टिप्स

बेली फैट को कम करने के लिए डाइट में ज्यादा मीठी, ऑयली, जंक और स्टार्च शामिल नहीं करना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार, डिनर का समय 6.30-7 बजे के बीच होना चाहिए। हमारी बायलॉजिकल क्लॉक और दोष प्रकृति के अनुसार, यह डिनर करने का सबसे सही समय है। इसके अलावा, पानी की सही मात्रा और टेम्परेचर, कफ दोष को इंबैलेंस करता है और बेली फैट को बढ़ाता है। शरीर में जमे हुए फैट या बिना पचे हुए खाने को शरीर से निकालने के लिए गुनगुना पानी जरूरी होता है। बेली फैट को कम करने के लिए दालचीनी या जीरे का पानी पीना चाहिए। पेट की चर्बी को कम करने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज जैसे रनिंग, वॉकिंग, ब्रिस्क वॉकिंग बहुत जरूरी है। आयुर्वेद के अनुसार, इन एक्सरसाइज को करने से बॉडी से हीट निकलती है और कफ दोष कम होता है। वहीं, स्ट्रेस लेवल को कम करने के लिए योग, मेडिटेशन और प्राणायाम जरूरी है। इसके अलावा, कम से कम 6 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप रात में जरूरत से ज्यादा सोते हैं या फिर दिन में सोती हैं, तो इसका असर कफ दोष पर होता है और मेटाबॉलिज्म पर असर पड़ता है, जिससे बेली फैट कम होता है।



कार्नर न्यूज


ब्यूटीशियन के तौर पर आज उज्ज्वल है भविष्य, चाहें तो जरूर अपनाएं

# फैशन की दुनिया में करियर बनाना हो तो ब्यूटी थेरेपिस्ट है एक बेहतर विकल्प, बेहतर भविष्य की संभावनाएं मौजूद

यदि आप वास्तव में ब्यूटीशियन बनना चाहते हैं, तो आपको आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करने की आवश्यकता है। आपके लिए कुछ उपयोगी टिप्स बताए जा रहे हैं जिनका आपको पालन करना चाहिए:

गहन शोध करें - इससे पहले कि आप मुंबई में ब्यूटीशियन पाठ्यक्रम की पेशकश करने वाले संस्थान की तलाश में आगे बढ़ें , आपको इस बात पर शोध करना चाहिए कि एक सौंदर्य चिकित्सक क्या करता है, आपको कौन से कौशल हासिल करने चाहिए, इत्यादि। सामान्य तौर पर, एक ब्यूटीशियन भौंह उपचार, त्वचा देखभाल और लेजर थेरेपी जैसे कई व्यक्तिगत देखभाल उपचार प्रदान करता है। अधिकांश पेशेवरों को कई क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाता है जबकि कुछ को त्वचा देखभाल जैसे एक या दो क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त होती है।

ब्यूटी स्कूल में दाखिला लें - एक सफल ब्यूटी थेरेपिस्ट बनने के लिए, आपको ब्यूटी थेरेपी में डिप्लोमा जैसी शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करनी होगी। इसके अलावा, आपको वहां से प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से



अपनी शिक्षा पूरी करनी होगी। आप मुंबई में ब्यूटी पार्लर कोर्स जैसे कोर्स के लिए कपिल सैलून और अकादमी जैसे स्कूल या प्रशिक्षण संस्थान पा सकते हैं।

मिलनसार बनें और उत्कृष्ट संचार कौशल विकसित करें - अच्छा संचार कौशल हर करियर में बुनियादी जरूरत है, चाहे वह सौंदर्य चिकित्सक हो या कुछ और। आपके लिए अपने ग्राहकों से अच्छी तरह संवाद करना और उन्हें सहज महसूस कराना महत्वपूर्ण है। आपको बहिर्मुखी होना होगा और अपने ग्राहकों के साथ अच्छा संबंध स्थापित करना होगा।

प्रमाणित हो जाएं - एक सौंदर्य चिकित्सक के रूप में, एक व्यक्ति अपने ग्राहक के चेहरे और शरीर का उपचार करता है। इसलिए, चिकित्सक के पास प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए, चिकित्सक को मुंबई में ब्यूटीशियन कक्षाओं में भाग लेने के बाद सैद्धांतिक और व्यावहारिक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होती है। कपिल सैलून और अकादमी जैसे संस्थान परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

मल्टीटास्कर बनें - एक ब्यूटीशियन को मल्टीटास्कर होना चाहिए। उसे एक समय में सभी




ग्राहकों की बात सुननी होगी और उन सभी पर समान ध्यान देना होगा, क्योंकि प्रत्येक ग्राहक मूल्यवान है। इसलिए, यह आप पर निर्भर है कि आप अपना समय विभाजित करें ताकि आप उन सभी को समान रूप से महत्वपूर्ण महसूस करा सकें।

इंटर्नशिप करें- एक सफल ब्यूटीशियन बनने के लिए केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही काफी नहीं है। आपके पास व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, जिसे आप मुंबई के किसी ब्यूटीशियन संस्थान में इंटर्नशिप करके कमा सकते हैं। आमतौर पर, एक संस्थान, जो सौंदर्य चिकित्सा पाठ्यक्रम प्रदान करता है, अपने छात्रों को इंटर्नशिप प्रदान करता है। ब्यूटी थेरेपी में अपना करियर उज्जवल बनाने के लिए आपको ऐसा जरूर करना चाहिए। इंटर्नशिप के दौरान, आप अनुभवी सौंदर्य चिकित्सकों के साथ काम करेंगे, आवश्यक कौशल सीखेंगे और अपेक्षित कौशल के साथ-साथ वजीफा भी अर्जित करेंगे। उपरोक्त के अलावा, आपको अपने ग्राहकों को प्रक्रियाओं को समझाने और अपने स्पा या सैलून के उत्पादों/सेवाओं को बेचने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है। आपके पास एक स्वस्थ और तंदुरुस्त शरीर भी होना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हेयर ट्रांसप्लांट के दूसरे राउंड के बाद जॉन सीना ने साझा की तस्वीर



एक्टर और पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जॉन सीना ने अपने हेयर ट्रांसप्लांट ट्रीटमेंट के दूसरे राउंड के बाद सिर मुंडवाकर फैंस को चौंका दिया। एक्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉक्टर के साथ मुस्कुराते हुए एक फोटो पोस्ट की और अपने हेयर रेस्टोरेशन प्रोसीजर के बारे में बताने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। जॉन सीना ने दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन (एफयूई) प्रोसीजर करवाने के बाद एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस अपडेट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'एफयूई ट्रीटमेंट का दूसरा राउंड और इस बार मैंने सबसे अच्छे रिजल्ट के लिए पूरी कोशिश की। इस सफर में मेरा साथ देने के लिए डॉ. केन एंडरसन और एंडरसन सेंटर फॉर हेयर के स्टाफ का शुक्रिया।'
सोशल मीडिया पर उनके इस नए अपडेट पर फैंस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। कई लोगों ने एक्टर की तारीफ की कि उन्होंने हेयर रेस्टोरेशन के बारे में खुलकर बात की और इस प्रक्रिया से जुड़ी झिझक या शर्म को कम करने में मदद की। एक फैन ने लिखा, 'जॉन सीना हम सभी के लिए प्रेरणा बने हुए हैं, जिन्होंने हेयर ट्रांसप्लांट करवाया है या करवाना चाहते हैं।
उनके 'राउंड 2' के सम्मान में, यहां एक पल का जिक्र है जब मुझे उनसे इस बारे में बात करने का मौका मिला था।' एक और यूजर ने कहा, 'रिकवरी के दौरान सिर मुंडवाए हुए फोटो सबके सामने लाना ही असली दमदार बात है, न कि खुद यह प्रक्रिया।' एक यूजर ने कहा कि ज्यादातर लोग इस दौर को छिपाते हैं, लेकिन वह जान-बूझकर इसे नॉर्मल दिखा रहे हैं। सीना की तारीफ करनी होगी कि वह इस बारे में इतने खुले हैं और पूरी तरह से इस प्रोसेस को अपना रहे हैं।

### टॉलीवुड

## राजामौली के साथ ऑस्कर विनर ने आठ घंटे बैठकर देखी




एस.एस. राजामौली को पेरिस के 'सिनेमाथेक फ्रैंकेस' में स्थायी जगह देकर सम्मानित किया गया है। यह फिल्ममेकर और भारतीय सिनेमा के लिए एक और बड़ी उपलब्धि है। 93 साल के ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर कोस्टा-गवरस के उनकी फिल्में देखने के लिए आठ घंटे तक वहां रुकने से राजामौली का दिन बन गया। राजामौली की फिल्में जिनमें आरआरआर और बाहुबली फ्रैंचाइजी शामिल हैं, दुनिया भर में पसंद की गई हैं। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित फिल्म संस्थानों में से एक ने एक खास कार्यक्रम में सम्मानित किया, जिसमें उनकी फिल्मों की स्क्रीनिंग और उसके बाद एक मास्टरक्लास आयोजित की गई थी। इस इवेंट पर तब और ज्यादा ध्यान गया जब कोस्टा-गवरस ने इतनी उम्र में भी राजामौली की फिल्में देखने और उनकी मास्टरक्लास में शामिल होने के लिए लगभग आठ घंटे बिताए। जिस मुलाकात के छोटा होने की उम्मीद थी, वह राजामौली के काम के साथ पूरे दिन के कार्यक्रम में बदल गई, जिससे भारतीय फिल्म निर्माता और उनके परिवार ने गर्मजोशी से प्रतिक्रिया दी। राजामौली को यह सम्मान 'सिनेमाथेक फ्रेंकाइस' में दिया गया। यह इवेंट आर्काइव 1936 में हेनरी लैंगलोइस ने शुरू किया था और यह लंबे समय से दुनिया भर के बड़े फिल्म निर्माताओं का सम्मान करता आ रहा है।
इस मौके पर भारतीय सिनेमा की दुनिया भर में बढ़ती लोकप्रियता का जश्न मनाने के लिए एक खास रेट्रोस्पेक्टिव के तहत आरआरआर (2022), ईगा (2012) और बाहुबलीः द बिगिनिंग (2015) की स्क्रीनिंग की गई। इस इवेंट को 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न' और विदेश मंत्रालय का सहयोग मिला।

### भोजपुरी

## 'गमछिया से हाक दी' में छा गए अप्सरा और उड़नबाज राजा



करिश्मा कक्कड़ का गाना 'गमछिया से हाक दी' रिलीज हो चुका है, जिसमें देसी अंदाज, मनोरंजक बोल और धमाकेदार संगीत है। करिश्मा कक्कड़ ने कहा कि यह गीत पूरी तरह से देसी अंदाज और मस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।
भोजपुरी म्यूजिक लवर्स के लिए मशहूर सिंगर करिश्मा कक्कड़ का नया रिलीज गाना 'गमछिया से हाक दी' रिलीज के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रहा है। करिश्मा का यह खूबसूरत गाना कान्हा फिल्म्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है और दर्शकों को खूब पसंद भी आ रहा है। यह गाना अपने देसी अंदाज, मनोरंजक बोल और धमाकेदार संगीत की वजह से यह गीत श्रोताओं के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। गाना 'गमछिया से हाक दी' में करिश्मा कक्कड़ की दमदार और मधुर आवाज ने श्रोताओं को आकर्षित किया है। वहीं वीडियो में अप्सरा और उड़नबाज राजा की शानदार केमिस्ट्री और ऊर्जावान प्रस्तुति दर्शकों का ध्यान खींच रही है। गीत का फिल्मांकन रंगीन और आकर्षक लोकेशन पर किया गया है, जिससे वीडियो का मनोरंजन स्तर और बढ़ गया है। रिलीज के बाद से ही दर्शक गीत के बोल और संगीत की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, गाने गमछिया से हाक दी को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स पर खुशी जताते हुए करिश्मा कक्कड़ ने कहा कि यह गीत पूरी तरह से देसी अंदाज और मस्ती को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

### सतरंगा फैशन

"इंद्रधनुषी रंग (वॉयेज) का फैब्रिक देश और दुनिया में बहुत से मौके पर इस्तेमाल किया जाता है। हर डिजाइन वाले कपड़ों में इंद्रधनुषी रंग खूब खिलता है। इंद्रधनुषी रंगों का फैशन वैसे भी ट्रेंडी और वाइब्रेंट रहता है। ये कपड़े खुशी, सकारात्मकता और बोल्ड स्टाइल का प्रतीक माने जाते हैं। इन्हें गर्मियों में कैज़ुअल वियर (टी-शर्ट, मैक्सी ड्रेस) और पार्टियों में ग्लिटरी स्टाइल (सीक्वेंस या होलोग्राफिक फैब्रिक) के रूप में बहुत पसंद किया जाता है। हल्के और हवादार ड्रेस, लहराते हुए लहंगे और पारंपरिक साड़ियाँ बनाने के लिए इन्हें बहुत पसंद किया जाता है।



लाइफ स्टाइल

## कॉफी पावडर से संवारना चाहते हैं चेहरा तो थोड़ा रुकें

कॉफी एक ऐसा पेय पदार्थ है, जिसके सेवन से शरीर की कई दिक्कतें दूर होती हैं। इसका सेवन कई अलग-अलग तरीकों से किया जाता है। पर, क्या आप जानते हैं कि यही कॉफी स्किन केयर में भी इस्तेमाल की जाती है। जी हां, अब तो बाजार में भी कई ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट आते हैं, जिसमें कॉफी अहम तत्व होती है। वहीं कई लोग घरेलू नुस्खों में भी कॉफी का इस्तेमाल लोग काफी ज्यादा करते हैं। यदि आप भी स्किन केयर में कॉफी का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो पहले जान लें कि ये आपके लिए लाभदायक है या नुकसानदायक। इस लेख में हम आपको इस बारे में डिटेल से बताएंगे कि आखिर चेहरे पर कॉफी पर लगाने से क्या होता है।

### होती है डीप क्लींजिंग

यदि आप हफ्ते में दो से तीन बार चेहरे पर कॉफी का इस्तेमाल करेंगे, तो इससे आपके चेहरे की डीप क्लीनिंग होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि कॉफी एक नेचुरल स्क्रब की तरह काम करती है। ऐसे में जब आप इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे चेहरा साफ होगा



और डेड स्किन हट जाएगी।

### डार्क सर्कल होंगे कम

क़ॉफी से कई प्रकार के आई मास्क भी अब बाजार में आते हैं, जिसके इस्तेमाल से आप आंखों के नीचे आए डार्क सर्कल पर इस्तेमाल करेंगे तो ये अवश्य ही कम होंगे। आप कॉफी में गुलाबजल मिक्स करके सीधा भी डार्क सर्कल पर इस्तेमाल कर सकते हैं, ताकि आंखों की सुदंरता कम न हो।

### एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर

अगर बेहद कम उम्र में भी आपके चेहरे पर एजिंग के लक्षण दिखने लगे हैं तो कॉफी का इस्तेमाल करें। कॉफी में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने में मदद करते हैं। इसका फेस मास्क बनाकर आप इस्तेमाल कर सकते हैं, ताकि कम पैसे में ही आपका चेहरा चमक उठे।

### स्किन पर होगी जलन

अगर आपकी स्किन बहुत सेंसिटिव है, तब आपको कॉफी के इस्तेमाल से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि संवेदनशील त्वचा वाले कुछ लोगों को कॉफी से एलर्जी या जलन हो सकती है। इसलिए यदि आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो पैच टेस्ट करें, ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

### हो सकती है स्किन डैमेज

अगर कॉफी स्क्रब को ज्यादा जोर से या बार-बार लगाया जाए, तो इससे स्किन पर माइक्रो कट्स या रैशेज हो सकते हैं।

## फैशन में अब कपड़े नहीं पूछेंगे आपका जेंडर



फैशन की रंग-बिरंगी दुनिया में स्टाइल के बीच कंफर्ट अक्सर पीछे छूट जाता है। ऐसे में इस समय का फैशन ट्रेंड यानी जेंडर-न्यूट्रल फैशन अभिव्यक्ति की नई आजादी दे सकता है। फैशन की दुनिया बदलती रहती है और अब 'मेंस सेक्शन' और 'वीमेंस सेक्शन' के बीच का फर्क खत्म करने का फैशन आ गया है। यह है- जेंडर-न्यूट्रल फैशन, जिसे 'यूनिसेक्स फैशन' भी कहा जाता है। असल में, अब जेन-जी और मिलेनियल्स ऐसे परिधानों को अपनाना पसंद कर रही हैं, जो किसी जेंडर की सीमा में बंधी न हों, बल्कि आराम, आत्माभिव्यक्ति और व्यक्तिगत शैली को प्राथमिकता दें।



### फैशन स्टाइल को समझें



जेंडर-न्यूट्रल फैशन का उद्देश्य कपड़ों के माध्यम से खुद की पहचान और अभिव्यक्ति को महत्व देना है, न कि उसे समाज द्वारा तय किए गए 'पुरुष' या 'महिला' के मानकों में बांधना। इस फैशन में ऐसे कपड़े शामिल हैं, जो सभी के लिए उपयुक्त हों और लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न करें। अपने सरल डिजाइन, स्टाइल और उपयोगिता के कारण ये कपड़े लोकप्रिय हो रहे हैं। साथ ही, ये व्यक्तित्व को निखारने और वॉर्डरोब को आधुनिक व आकर्षक बनाने में भी मदद कर रहे हैं।

### ये ट्रेंड आराम का है

न्यूट्रल फैशन आराम और फिटिंग को प्राथमिकता देता है। इसमें लिंग के बजाय ऐसे कपड़े चुने जाते हैं, जिन्हें पहनकर आप सहज और आत्मविश्वास महसूस करे।

## लंबे समय तक टिकने वाली लिपस्टिक की ऐसे करें पहचान

लिपस्टिक एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जिसे हर उम्र की महिला इस्तेमाल करना पसंद करती हैं। यही वजह है कि हर महिला के पास लिपस्टिक का बेहद ही शानदार कलेक्शन होता है। हर महिला ये चाहती है कि जब वो लिपस्टिक लगाए तो ये घंटो टिकी रहे, लेकिन हर बार ऐसा होना ये संभव नहीं है। ऐसा तभी हो सकता है, जब आप लंबे समय तक टिकने वाली लिपस्टिक इस्तेमाल करें।
ज्यादातर महिलाओं को ये समझ ही नहीं आता कि कौन सी लिपस्टिक लंबे समय तक टिकेगी और कौन सी नहीं। ऐसे में हम आपको बताएंगे कि आप किस तरह से अपने लिए अच्छी लिपस्टिक का चयन कर सकती हैं। तो आइए इस बार लिपस्टिक खरीदने से पहले इस लेख को अंत तक पढ़ें।

### फॉर्मूला चेक करें

लिपस्टिक हमेशा उसका फॉर्मुला देखकर ही खरीदें। जैसे कि जो मैट, लिक्विड मैट और इंक लिपस्टिक बाजार में मिलती हैं, वो ज्यादा देर तक टिकती है, वहीं अगर आप क्रीमी या



ग्लॉसी लिपस्टिक खरीदेंगी तो ये जल्दी हट जाएगी। इसलिए अगर लंबे समय टिकने वाली लिपस्टिक चाहिए तो मैट लिपस्टिक खरीदें।

### पैकेजिंग पर ये देखें

लिपस्टिक खरीदते समय उसकी पैकेजिंग पर अवश्य चेक करें। इसमें अगर लॉन्ग वियर, 24H, या स्मज प्रूफ लिखा है, तो मतलब ये लंबा टिकेगी। स्मज प्रूफ लिपस्टिक एक तो लंबे समय तक टिकती है और सबसे खास बात कुछ भी पीने पर ये बर्तन पर निशान नहीं छोड़ती।

## बरसात में नाखून की देखभाल करें घरेलू तरीके से

बारिश के मौसम में अक्सर जब शरीर गीला रह जाता है, तो नमी की वजह से उसमें खुजली होने लगती है। कई बार तो ये दिक्कत इतनी बढ़ जाती है, कि त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि यही नमी आपके नाखूनों में फंगल इंफेक्शन का कारण भी बन सकती है। जी हां, यदि नाखूनों का ध्यान सही से न रखा जाए तो आपके नाखून फंगल इंफेक्शन का शिकार होंगे और कमजोर होकर टूटने लगेंगे। इसी के चलते हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे नुस्खे, जो आपके नाखूनों को इस खतरनाक इंफेक्शन से बचाकर रखेंगे।

### नमी से रहें दूर

ये फंगल इंफेक्शन सबसे ज्यादा नमी की वजह से ही फैलता है। इसलिए इस मौसम में हर समय जूते पहनने से बचें। अगर आप जूते-मोजे ही पहनते हैं तो इन्हें पूरी तरह सुखाने के बाद ही इस्तेमाल करें। खासतौर पर अगर मोजे थोड़े से भी गीले हैं तो इसे तुरंत बदल लें, वरना ये गीले मोजे ही फंगल इंफेक्शन की वजह बन सकते हैं।

### सफाई का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में गंदा पानी आपके पैरों के साथ-साथ नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें। क्योंकि अगर पैरों में



गंदगी चिपक गई तो वो सबसे पहले नाखूनों को डैमेज करती है। इस कारण नाखून अपने आप ही कमजोर होकर टूटने लगते हैं, इसलिए इससे भी बचकर रहें।

### खुले फुटवियर पहनें

बारिश के मौसम में जूते पहनने से बचें। इसकी जगह आप ऐसे फुटवियर पहनें, जो हवादार हो। हवादार फुटवियर आपके पैरों की नमी को सुखाने का काम करेंगे, जिस कारण पैरों के नाखून फंगल इंफेक्शन से बचे रहेंगे। प्लास्टिक या रबर के जूते लंबे समय तक न पहनें। बाजार में तमाम तरह से एंटी फंगल पाउडर आते हैं, जिनका इस्तेमाल पैरों के नाखूनों के फंगल इंफेक्शन को खत्म करने में किया जाता है।

कार्नर न्यूज

### बारिश के दिनों में अक्सर सामने आती है त्वचा से जुड़ी समस्याएं

## मानसून में स्किन हो जाती है बेजान, थोड़ी सी एहतियात बरतें और पाएं खिला-खिला रूप

मानसून खत्म होते ही अक्सर लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। सर्दियों के आते-आते स्किन पर दाने, सोरायसिस, और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां बढ़ जाती हैं। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से परेशान हैं, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है।

मानसून के जाने के बाद अपने शरीर को कैसे रीफ्रेश और एनर्जेटिक रख सकते हैं, यहां कुछ टिप्स बताए जा रहे हैं। इनको फॉलो कर आप अपने बॉडी को हेल्दी रख सकते है- सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें,पेट साफ रखें,मौसमी सब्जियों का सेवन करें,नियमित व्यायाम करें,हल्का भोजन करें और पर्याप्त पानी पिएं।

सूखे और बेकरी उत्पादों से बचें

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें मानसून के बाद शरद ऋतु यानी सर्दियों के मौसम में पित्त का प्रभाव ज्यादा होता है, जिससे सोरायसिस जैसी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इस मौसम में सूखे और बेकरी उत्पादों का सेवन कम करना चाहिए, क्योंकि ये पित्त को बढ़ाते हैं और त्वचा की समस्याओं को बढ़ावा देते हैं।



### पेट साफ रखें

आपका पेट साफ होना बहुत जरूरी है। पेट की साफ-सफाई का सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, इसलिए समय-समय पर पेट को साफ रखें।

### मौसमी सब्जियों का सेवन करें

अपने भोजन में करेला, परवल, आंवला, लौकी, नारियल और अंकुरित अनाज जैसे मौसमी सब्जियों का सेवन बढ़ाएं। ये सब्जियां आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं।

### नियमित व्यायाम करें

पित्त की अधिकता के कारण इस मौसम में रक्तचाप भी बढ़ सकता है। इसलिए अपने आहार के साथ-साथ नियमित व्यायाम करना भी बहुत महत्वपूर्ण है। इससे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।

### हल्का भोजन करें

पित्त रोगों से बचने के लिए हल्का भोजन करना चाहिए। गेहूं की रोटियों की बजाय जौ और मूंग दाल की रोटियों का सेवन करें। इससे आपका पेट हल्का रहेगा और त्वचा की समस्याएं कम होंगी।

### पर्याप्त पानी पीएं

इस मौसम में उचित मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी त्वचा को हाइड्रेट



रखता है और त्वचा के रोगों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है।